CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 26 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 98 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा, उपलब्धियां विश्वस्तरीय : निर्मला सीतारमण
पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली
खेल टाइम्स



प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप
पेज 11



ऐसा लग रहा है जैसे एक साथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता
बॉलीवुड

## पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

### सात गेंद शेष रहते 265 का लक्ष्य प्राप्त कर छह विकेट से दी दिल्ली को करारी शिकस्त, काम न आई राहुल की 152 रनों की पारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पाइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक



लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए

- आईपीएल इतिहास में राहुल एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने

> पंजाब के कप्तान अय्यर 71 व प्रभसिमरन ने खेली 76 रनों की पारी
>
> केएल राहुल बने प्लेयर ऑफ द मैच

220 रन की साझेदारी हुई। 265 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बाल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बाल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। पंजाब की पारी के तीसरे ओवर के दौरान दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है।

## एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गर्माया हुआ है। आलम यह है कि ट्रम्प प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यत: भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

### बंगाल व तमिलनाडु में नहीं की गई रिपोल की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गए थे।

### बंगाल के छह पुलिस अफसरों को निलंबित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## ICU सेवाओं पर सुप्रीम सख्ती

### कहा: राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने के लिए सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

### चूहे खा गए रिश्वत के पैसे, कोर्ट भी हैरान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जहां मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में दावा किया गया कि उसे चूहों ने कुतर डाला। खबर है कि अब शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को जमानत दे दी है। यह पूरा मामला बिहार से जुड़ा है।

चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया गया था। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। पटना हाईकोर्ट ने महिला को सजा सुनाई थी। हालांकि, जब मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा, तो वहां साक्ष्यों के रखरखाव को लेकर राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि जो नोट रिश्वत के तौर पर जब्त किए गए थे, उन्हें पुलिस के मालखाने में रखा गया था। लेकिन जब इन नोटों को अदालत में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि उन्हें चूहों ने पूरी तरह से कुतर दिया है। यानी, अपराध को साबित करने वाला सबसे अहम सबूत अब अस्तित्व में नहीं था।

> भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई महिला को दी जमानत



## देशभर में लू का कहर जारी, दिल्ली में पारा 43 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में हीटस्ट्रोक यूनिट बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200किग्रा बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा था।




## चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंपेगा भारत!

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इन्कार किया है। भारत को नवम्बर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी।

- अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था
- भारत का चाबहार में 1100 करोड़ का निवेश

### इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। पाकिस्तान पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिफ मुनीर से द्विपक्षीय वार्ताकर ओमान के लिए रवाना हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दंपति और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार भोर में शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में पति पत्नी और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गोरखपुर निवासी एक परिवार अपनी बेटी की शादी समारोह में भाग लेने रांची झारखंड गया हुआ था। बीती रात वह लोग रांची से वापस आ रहे थे। शनिवार भोर में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसातपुर अहिरानी हाईवे पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर अपने लेन से निकलकर दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान गोरखपुर निवासी विनय श्रीवास्तव, अर्चना पत्नी विनय श्रीवास्तव और पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। इनके अलावा बिहार के गया जिले के रहने वाले रविन्द्र यादव और पुरुषोत्तम कुमार की भी मौत हो गई।

### श्रीनगर की केंद्रीय जेल से डिजिटल डिवाइस जब्त किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष खुफिया और जांच शाखा (सीआईके) ने शनिवार को एक आतंकी मामले की जांच के सिलसिले में श्रीनगर केंद्रीय जेल की तलाशी लेते हुए डिजिटल डिवाइस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि यह तलाशी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम के तहत गठित श्रीनगर की विशेष अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। यह वारंट थाना सीआई कश्मीर में 2023 में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में जारी किया गया था, जिसमें आईपीसी की धारा 153-ए, 505, 121 और 120-बी के साथ-साथ यूए (पी) अधिनियम की धारा 13 और 39 भी शामिल हैं।

# उप्र में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 26 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना, 27 से मिल सकती है फौरी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 25 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि दिन के समय कई स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने और कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रह सकती है।

मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी हीट वेव बुलेटिन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बारा. बंकी, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, मिर्जापुर, सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस और एटा समेत अनेक जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है, जबकि आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ मंडल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में भी तेज गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के बाद हल्की गिरावट संभव है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत हैं। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि 29 और 30 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिचाई नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# शिया सेंट्रल बोर्ड में बड़ा प्रशासनिक सुधार

## लंबित वेतन का भुगतान, वक्फ संपत्तियों को कब्जे से कराया मुक्त

जिया अब्बास जैदी



■ चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में करोड़ों की आय में वृद्धि और पारदर्शिता की नई मिसाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बोर्ड द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उनकी आय में वृद्धि और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए कई प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रेस नोट में बताया गया कि पूर्व में कर्मचारियों के वेतन का भारी बकाया था, जिसे वर्तमान बोर्ड ने प्राथमिकता के आधार पर निपटाया है। अब कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान में भी तेजी लाई गई है।

चेयरमैन अली ज़ैदी के कार्यकाल में बोर्ड की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पहले की अवधि में आय लगभग 3.94 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्तमान कार्यकाल में यह बढ़कर 6 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इसके अलावा वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए भी अभियान चलाया गया, जिसमें कई संपत्तियों को सफलतापूर्वक कब्जामुक्त कराया गया। बोर्ड ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद प्रक्रिया लागू की है और ई-ऑफिस सिस्टम को अपनाया है, जिससे कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर 100 प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्तियों की आय बढ़ाने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है और नए वक्फ पंजीकरण की प्रक्रिया भी तेज की गई है। वर्तमान में हजारों वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और सत्यापन कार्य प्रगति पर है। अंत में बोर्ड ने प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# आरोपी की आजादी से बड़ा है समाज का हित

श्रीनगर, वार्ता

■ जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट ने खारिज की गैंगरेप आरोपियों की जमानत याचिका

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल ने नौ पन्नों के फैसले में शाहिद अहमद और मुजमिल अजीज द्वारा दायर अलग-अलग जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन गूल में दर्ज एफआईआर के तहत मुकदमा चल रहा है। यह मामला पीड़िता के साथ बार-बार किए गए यौन शोषण के आरोपों पर आधारित है, जिसके परिणाम स्वरूप उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उस बच्ची को बाद में बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया और वर्तमान में उसे रामबन की एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में रखा गया है। बेंच ने 'त्वरित सुनवाई' के अधिकार पर भी बात की। कोर्ट ने गौर किया कि एक साल और दो महीने के भीतर लगभग दस गवाहों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है, जो यह दर्शाता है कि मुकदमे की कार्यवाही उचित गति से आगे बढ़ रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को समुदाय के सामूहिक हित के आगे झुकना होगा। बचाव पक्ष ने दलील दी कि शाहिद अहमद का नाम मूल एफआईआर में नहीं था और पीड़िता ने मुकदमे के दौरान विरोधाभासी बयान दिए थे। वहीं मुजमिल अजीज के वकील ने घटना की रिपोर्ट करने में हुई देरी पर जोर दिया और पीड़िता के बयानों में विसंगतियों की ओर इशारा किया।

## प्रशासन ने सपा के दो विधायकों समेत 46 नामजद किए

# गाजीपुर हिंसा को लेकर गरमाई सियासत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीड़ित परिवार से 29 अप्रैल को मुलाकात करेंगे अखिलेश यादव, मृतका के पिता ने इस मामले में राजनीति न करने की अपील की

**लखनऊ/गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के करंडा थाने के अंतर्गत कटरिया गांव में हुई हिंसा अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 लोगों को नामजद किए जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दौरे को लेकर राजनीति गरमा गई है।

अखिलेश यादव 29 अप्रैल को गाजीपुर जा रहे हैं। इस बीच मृतका के पिता ने प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्टि जताते हुए इस मामले में राजनीति न करने की अपील की है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 अप्रैल 2026 (बुधवार) को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के दौरे पर जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह दोपहर करीब 1 बजे ग्राम करंडा (थाना करंडा) पहुंचेंगे और वहां पीड़ित सियाराम विश्वकर्मा के परिवार से मुलाक. ात करेंगे। पत्र में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इस दौरे की सूचना देते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस बीच सियाराम शर्मा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान पुलिस की कार्यवाही से संतुष्टि जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमने पुलिस को जो तहरीर दी थी, उसी के अनुसार कार्रवाई हुई है और आरोपी इस समय जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि जलाधियाकारी और कप्तान साहब की ओर से आश्वासन मिला है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तरफ से मदद का भी आश्वासन मिला है। अखिलेश यादव के गाजीपुर दौरे को लेकर भाजपा ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

### मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार सपा दंगाइयों के साथ खड़ी है: भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने कहा कि अखिलेश यादव के साथ दिक्कत यही है कि वो हमेशा दंगाइयों और बलवाइयों के साथ ही खड़े दिखते हैं। वाजपेयी ने कहा कि गाजीपुर में जो भी घटना हुई, उसमें पुलिस अपना काम कर रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है फिर वहां जाकर सियासत करने की उनकी क्या मजबूरी है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में बुधवार को हुई हिसक झड़प के बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बलवा, अवैध जमावड़ा, आपराधिक धमकी और लोकसेवक पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10



सोना 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 249677
प्रति किलो



# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा: निर्मला सीतारमण

मुंबई, वार्ता



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाजार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबो. धित करते कहा कि भारतीय बाजारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक और बिखरी हुई निंगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाजारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाजार अवसंरचना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मजबूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाजार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियां सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मजबूत बनकर उभरती हैं।ष सेबी की भूमिका को रेखां. कत करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है।

### गंगा एक्सप्रेसवे: 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार, मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करेंगे। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुमार है और इसे यूपीडा के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य सरकार की रणनीतिक योजना का सफल उदाहरण माना जा रहा है। करीब 37 हजार करोड़ की लागत से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर निर्माण कार्य को गति दी गई। 'मल्टी-पैकेज' मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार हिस्सों में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया गया। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी है, जिसकी लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और लागत लगभग 9 हजार करोड़ है।

# चावल नरम, गेहूं व चीनी के भाव बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये गिरकर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 16 रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 19 रुपये घट गई। मसूर दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये घट गई। मूंग दाल 29 रुपये और उड़द दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 108 रुपये और मूंगफली तेल की 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 30 रुपये महंगा हुआ। वहीं पाम ऑयल का भाव 28 रुपये और सरसों तेल का पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी आठ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम बंगाल में फिर आक्रामक तेवर में योगी नदिया में ममता बनर्जी पर साधा निशाना



**नदिया (पश्चिम बंगाल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिदुओं की संख्या बढ़ेगी, तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।

योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को 'लूट और कुशासन का प्रतीक' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर 'डबल इंजन सरकार' को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी।

योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने 'योगी-योगी' के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और 'जय श्री राम' के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ष्बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने को. शिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन: प्रवेश सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने कहा: आप संयोजक नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है।

इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल के नए आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सतएंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। सिंह ने केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जताई और कहा कि वहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरक. ारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे, तो केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नए आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीश. महल' केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है। इस कारण उन्हें दिल्ली और पंजाब की जनता का दुख दिखाई नहीं देता। आप कार्यकर्ता पूरी जिदगी मेहनत करें, तब भी आवास को ऐसा नहीं बना सकते। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल बताएं कि लोधी रोड वाले बंगले में कितना पैसा लगा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा कहां से आया और किसका है? क्या आपकी विलासिता के कारण आप के कार्यकर्ता आपको छोड़ रहे हैं? बार-बार आलीशान शीशमहल बनाने की उन्हें क्या जरूरत पड़ रही है? पहले शीशमहल में शराब का पैसा लगा था, इस बार किसका पैसा लगा है? उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में केजरीवाल सबसे शौकीन व्यक्ति हैं।

# स्कूल परिसर में चौकीदार की गला रेतकर हत्या

## वारदात के वक्त तीन घंटे बंद रहे सीसीटीवी, अपनों पर गहराया शक

**किड्स हेवन पब्लिक स्कूल में ड्यूटी पर था मृतक राजू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब छपार-रोहना रोड स्थित किड्स हेवन पब्लिक स्कूल के भीतर चौकीदार का खून से लथपथ शव मिला। अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर चौकीदार की निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात ने स्कूल की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**दंपति एक ही स्कूल में थे तैनात:** मृतक की पहचान राजू के रूप में हुई है, जो नगर के मोहल्ला कानूनगोयान का निवासी था। राजू लंबे समय से किड्स हेवन पब्लिक स्कूल में चौकीदारी का काम देख रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि मृतक की पत्नी सुनीता भी इसी स्कूल में केयरटेकर के पद पर कार्यरत है। पति-पत्नी दोनों का एक ही संस्थान से जुड़ा होना और फिर इस तरह की वारदात होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

**करीब तीन घंटे सीसीटीवी बंद होना बना सबसे बड़ा सुराग:** इस हत्याकांड में सबसे संदिग्ध पहलू स्कूल का सुरक्षा तंत्र रहा। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि वारदात के समय, तड़के तीन बजे से सुबह 6 बजे तक स्कूल के सीसीटीवी कैमरे बंद थे। कैमरों का ठीक उसी वक्त बंद होना जब कत्ल को अंजाम दिया गया, इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि कातिल को स्कूल के चप्पे-चप्पे और टेक्निकल सिस्टम की पूरी जानकारी थी। पुलिस अब इसे किसी श्बेहद करीबीश या 'जानकार' की सोची-समझी साजिश मानकर जांच कर रही है।

**सीओ सदर ने संभाली कमान, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य:** घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट्स और अन्य वैज्ञानिक नमूने एकत्र किए हैं। डॉग स्क्वायड ने भी स्कूल परिसर के आसपास संदिग्ध रास्तों की जांच की है।

**पुलिस की रडार पर करीबी:** चरथावल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैमरों के साथ हुई छेड़छाड़ और स्कूल के भीतर की जानकारी रखने वालों की संलिप्तता को देखते हुए पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। घटनास्थल पर एसपी सिटी अमृत जेन भी पहुँचे और कहा की घटना को खोलने के लिए तीन टीमें गठित कर दी हे जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा और हत्याकांड के दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी की अपराधियों के लिए एक नजीर बनेगी।

**हत्याकांड से पुलिस गश्त की खुली पोल:** इस दुस्साहसिक वारदात ने चरथावल पुलिस की रात्रि गश्त के दावों की हवा निकाल दी है। स्थानीय चर्चाओं और समाचारों के अनुसार, किड्स हेवन पब्लिक स्कूल के ठीक बाहर दिन के समय करीब बारह घंटे डायल 112 की गाड़ी तैनात रहती है और पुलिस टीम कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त का दावा करती है। इसके बावजूद, मुख्य रोहना-छपार मार्ग के इतने समीप हमलावरों ने बेखौफ होकर हत्या को अंजाम दिया और आसानी से फरार हो गए। पुलिस की मौजूदगी वाले इलाके में हुए इस कत्ल ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मौहम्मदपुर माफी विस्फोट: इलाज के दौरान एक और युवक ने तोड़ा दम, दो की मौत

**अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट का मुकदमा पहले ही हो चुका है दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर माफी में 17 अप्रैल को हुए अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट का असर लगातार सामने आ रहा है। इस दर्दनाक हादसे में घायल एक और व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, गांव के एक मकान में अवैध रूप से पटाखा निर्माण किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक जोरदार धमाका हुआ और आग भड़क उठी। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि मकान की दीवारें और लिंटर तक हिल गए।

धमाके की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अंदर काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकाला, जो गंभीर रूप से झुलस चुके थे। सूचना पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घटना में घायल रिहान पुत्र अबरार निवासी लोनी ने लंबे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। इससे पहले कासिम पुत्र कादिर की भी हादसे के दो दिन बाद मौत हो चुकी थी। रिहान की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय वर्मा ने मौके का निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि मकान के भीतर अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित की जा रही थी, जहां कई मजदूर कार्यरत थे। इस मामले में पुलिस ने मकान मालिक उमरेज समेत कई नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रशासन और पुलिस फिलहाल मामले की गहन जांच में जुटे हैं।

# 27 अप्रैल को छात्र पंचायत में शामिल होंगे नरेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिसौली।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता दिग्विजय चौटाला ने शनिवार को मुजफ्फरनगर के सिसौली में भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत से मुलाकात की। उन्होंने हिसार में 27 अप्रैल को होने वाली छात्र पंचायत में शामिल होने के लिए टिकैत से समर्थन मांगा। इस मुलाकात के दौरान दिग्विजय चौटाला ने नरेश टिकैत से छात्र पंचायत में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के मुद्दों को लेकर एक बड़ी पंचायत आयोजित की जा रही है, जिसके लिए भारतीय किसान यूनियन का समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है।नरेश टिकैत ने दिग्विजय चौटाला के प्रयासों की सराहना करते हुए छात्र पंचायत में अपने समर्थकों के साथ शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे छात्रों की लड़ाई में मजबूती से साथ खड़े हैं। टिकैत ने इस दौरान कहा कि चौटाला परिवार हमेशा से किसान और मजदूर वर्ग की आवाज उठाता रहा है। दिग्विजय चौटाला ने भी दोहराया कि किसानों और छात्रों के मुद्दे आपस में जुड़े हुए हैं, इसलिए संयुक्त रूप से आवाज उठाना आवश्यक है। गौरतलब है कि सिसौली किसान आंदोलनों का गढ़ रहा है और यहां से उठी आवाज का व्यापक असर होता है।?



मुजफ्फरनगर: परीक्षा केन्द्र के बाहर लगी आवेदकों की भीड़।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन 3189 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## डीएम-एसएसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उ0प्र0 होमगार्डस भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसबल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 15,840 पंजीकृत उम्मीदवारों में से 3,189 परीक्षा में शामिल नहीं हुए, जबकि 12,651 ने ही परीक्षा दी।

यह तीन दिवसीय परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक जनपद के 17 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। पहले दिन परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और मल्टी-लेयर चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पहली पाली में 7,920 अभ्यर्थियों में से 6,259 उपस्थित रहे और 1,661 अनुपस्थित थे। इसी तरह, दूसरी पाली में भी 7,920 में से 6,392 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,528 गैरहाजिर रहे। इस प्रकार, पहले दिन कुल 15,840 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 12,651 ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,189 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के परीक्षा से गैरहाजिर रहने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, कड़ी चेकिंग और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# ग्राम प्रधानों ने मंत्री कपिल को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

## 25 मई को खत्म हो रहे कार्यकाल को बढ़ाने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के गांधीनगर स्थित आवास पर आज जनपद के सम्मानित ग्राम प्रधानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों ने लो. कतांत्रिक व्यवस्था की निरंतरता और ग्रामीण विकास कार्यों की गति को निर्बाध रूप से बनाए रखने हेतु समय पर ग्राम पंचायत चुनाव संपन्न कराने की पुरजोर मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि यदि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से चुनाव निर्धारित समय पर संभव न हो पा रहे हों, तो वर्तमान ग्राम प्रधानों की कार्यावधि में विस्तार किया जाए ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो और जनहित के कार्य सुचारू रूप से चलते रहें।

मुलाकात के दौरान ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न स्थानीय समस्याओं और विकास परियोजनाओं से जुड़े गंभीर विषयों से भी मंत्री को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बल दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन की स्थापना और सरक. ारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतों का सक्रिय रहना अनिवार्य है। ग्राम प्रधानों की मांगों और क्षेत्रा की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के उपरांत राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उन्हें पूर्णत: आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर शासन और मुख्यमंत्री स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, सुशासन और जनसेवा वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ग्राम प्रधान इस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, अत: उनके हितों और विकास की गति का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक राठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष अंशुल सिंह, राहुल देव (प्रधान, जँछेड़ी), अनुज कुमार (प्रधान, दूधाहेड़ी), दिनेश कुमार (प्रधान, बेहड़ा थ्रू), सुनील कुमार (प्रधान, याहियापुर), धर्मेंद्र सिंह, अरविन्द प्रधान (खानजहाँपुर), राजीव (प्रधान, खानपुर), सदाकत (प्रधान, भलस्वा), सुभाष प्रधान (रौलपुर बेलड़ा), शौकीन प्रधान (जाद. ापुर), सुशील (प्रधान, धीराहेड़ी), चमन सिंह (प्रधान, खेड़ा चौगांवा), मनोज कुमार (प्रधान, सखावली), रवि कुमार (प्रधान, राजपुर कलां), रमेश (प्रधान, पलड़ी), मोहम्मद शमशाद (प्रधान, खोंकनी), शाहिद अली (प्रधान, शेरपुर), रामेश्वर (प्रधान, खाड़ीवीरन), मोतीलाल, करम सिंह, महरूबा और सुरेन्द्र सहित जनपद के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण पत्रकारिता में समाजसेवा और जोखिम शामिल:कपिल

**मुजफ्फरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता का दायरा अब बढ़कर गांव-गांव तक पहुंच चुका है इसमें संघर्ष जोखिम और समाजसेवा का तत्व शामिल है। उन्होने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता बढ़ने से हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि संघर्षशील पत्रकारिता में जोखिम स्वभाविक है। सहारनपुर जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा, मण्डलाध्यक्ष ओमवीर सिंह, चौ. संजीव, रोहताश वर्मा, जिलाध्यक्ष संजय राठी, आनंद प्रकाश, तरूण पाल आदि ने भी विचार रखे।



मुजफ्फरनगर: राज्यमंत्री कपिल देव को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान।

# महिलाओं के सम्मान व अधिकारों से नहीं होगा कोई समझौता:सोमेंद्र

## पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने का किया दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य मंत्री उर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व जनपद प्रभारी मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ने महिलाओं के अधिकारों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के मुद्दे पर सरकार पूरी तरह गंभीर है और किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। गांधी कालोनी बारात घर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। हनारी शक्ति वंदन अधिनियमह को उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और मजबूत होगी।

उन्होंने विपक्षी दलोंकृकांग्रेस और समाजवादी पार्टीकृपर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों ने हमेशा महिला हितों के मुद्दे पर नकारात्मक राजनीति की है, जबकि वर्तमान सरकार जमीनी स्तर पर काम कर रही है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला महामंत्री संजय गर्ग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता सैनी, जिला मंत्री एवं संयोजक ममता अग्रवाल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अंजली चौधरी, आंचल तोमर, श्वेता कौशिक और विशाल गर्ग ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। वहीं निवेदक के रूप में मितिका गर्ग पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, महिला मोर्चा, निदेशक केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार एवं पूर्व सभासद का विशेष सहयोग रहा।




इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही। मंत्री सोमेंद्र तोमर ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता और भागीदारी ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने की असली ताकत है।

# 7 दिनों से लापता 7 वर्षीय मासूम बच्चा मिला

## मेरठ के बाल गृह से पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** सर्किल बुढ़ाना के रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम इंचौड़ा से एक सप्ताह पूर्व लापता हुए 7 वर्षीय मासूम को पुलिस ने मेरठ से सकुशल बरामद कर लिया है। सात दिन की लगातार तलाश के बाद बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मासूम बच्चे को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम इंचौड़ा निवासी एक व्यक्ति ने बीती 17 अप्रैल को थाने पहुंचकर अपने 07 वर्षीय बेटे के लापता होने की सूचना दी थी। तब सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मासूम बच्चे की तलाश शुरू कर दी। मासूम की बरामदगी के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया और दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से पुलिस को बच्चे की लोकेशन मेरठ में मिली। लगातार दबिश के बाद पुलिस टीम ने बच्चे को मेरठ जनपद में स्थित राजकीय बाल शिशु गृह से सकुशल बरामद कर लिया।

इसके बाद परिजनों को सूचना देकर थाने बुलाया गया। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मासूम को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। बेटे को सही-सलामत पाकर परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गई। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक अजय सोलंकी, कांस्टेबल शैलेश कुमार, प्रमोद कुमार व महिला कांस्टेबल दीक्षा राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उधर परेशान परिजनों ने पूरी पुलिस टीम का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता से ही उनका बच्चा वापस मिल सका।



मुजफ्फरनगर: लू चलने के कारण दोपहर में विरान हो जाती हैं नगर की सड़कें।

# 12 घंटे में हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** थाना शाहपुर पुलिस ने हरसौली गांव में हुए हत्या कांड का 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें दो आरोपी मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार 24/25 अप्रैल की रात टयूबवेल पर मिले युवक राजा उर्फ अरुण (निवासी शामली) की हत्या शराब के दौरान हुए विवाद में ईंट से वार कर की गई थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी की, इस दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए, जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 अवैध तमंचे (315 बोर) तथा 3 जिंदा व 3 खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई एडीजी मेरठ जोन व डीआईजी सहारनपुर रेंज के निर्देशन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह व थाना प्रभारी

# धूमधाम से हुआ 51 फीट ऊंचे श्री कृष्णेश्वर महादेव मंदिर का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री कृष्ण धाम में 51 फीट ऊंचे श्री कृष्णेश्वर महादेव मंदिर का भूमिपूजन व शिलान्यास हवन-यज्ञ के बीच विधि-विधान से संपन्न हुआ। साधु संतों व ट्रस्ट पदा. धिकारियों ने मंत्रोच्चार के बीच ईंट रखकर मंदिर की आधारशिला रखी।

समारोह में हनुमतधाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद महाराज, महामंडलेश्वर विनय स्वरूपानंद महाराज, महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज, स्वामी रामव. ीर महाराज, स्वामी प्रभाकर महाराज तथा शनिधाम के सच्चिदानंद पुरी महाराज, परमाध्यक्ष आचार्य इन्द्रपाल, समिति अध्यक्ष संजय राठी, सचिव प्रेम शंकर मिश्रा और मुख्य यजमान अनीता देवी पत्नी प्रेमकुमार सिंह ने भी विधिवत रूप से मंत्रोच्चार के साथ एक-एक ईंट रखकर मंदिर की आधारशिला रखी।



श्री शिवधाम के आचार्य ध्रुवदत्त शुक्ल के निर्देशन में आचार्य शंशाक मिश्रा, मयंक तिवारी व तरुण शर्मा द्वारा विधि-विधान से रुद्र यज्ञ संपन्न कराया गया। नोएडा से आए सिंचाई विभाग के पूर्व प्रमुख अभियंता प्रेमकुमार सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए 7,77,777 रुपये का सहयोग प्रदान किया। परमाध्यक्ष आचार्य इन्द्रपाल ने बताया कि मंदिर के निर्माण में करीब छह माह का समय लगेगा। मंदिर निर्माण पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत आएगी।कार्यक्रम में श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह व विकास शास्त्री, डा. संजू, सुभाष आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर भव्य कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## मुन्ना मेमोरियल बालिका इंटर कालेज का रहा शानदार रिजल्ट

**खतौली।** मुन्ना मेमोरियल बालिका इंटर कालेज, आदमपुर मोचडी का वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट दोनों कक्षाओं में कॉलेज की सभी छात्राएं उत्तीर्ण रहीं। हाई स्कूल परीक्षा में कुल 65 छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 55 छात्राएं प्रथम श्रेणी और 10 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। इस परीक्षा में जोया पुत्री ताहिर निवासी गांव चाँदसमंद ने 88. 16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान हासिल किया। गुंजन खारी और शालिनी ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 51 छात्राओं में से 33 छात्राएं प्रथम श्रेणी और 18 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहीं। हनी पाल पुत्री अमित पाल निवासी गांव जसोला ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# जनगणना प्रशिक्षण स्थलों का सहायक निदेशक ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जनगणना 2026-27 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण सहायक निदेशक/मंडल प्रभारी, सहारनपुर तथा जिला प्रभारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा किया गया।

अधिकारियों ने समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं जनगणना 2026 की तैयारियों के अंतर्गत आज दिनांक 25-04-2026 को जनपद के एंबिएंस एकेडमी स्कूल, जानसठ, जनपद मुज“फरनगर में प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आशुतोष कुमार, सहायक निदेशक/मंडल प्रभारी, सहारनपुर तथा गौरव गुंजन, जिला प्रभारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिका. रियों ने प्रशिक्षण कक्षों की व्यवस्थाओं, बैठने की क्षमता, प्रकाश एवं वेंटिलेशन, डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता तथा प्रशिक्षण सामग्री की पर्याप्तता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिकों को प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं समयब) रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।अधिकारियों ने संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।इस अवसर पर अधिका.



रियों ने जनगणना 2026-2027 को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए कहा कि इसकी सफलता के लिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में उमड़े फरियादी

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार के दिन आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ रही। बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री की मौजूदगी में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जिससे फरियादियों को बड़ी राहत मिली। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें चकरोड़ और भूमि के विवाद से जुड़ी हुई थी। अधिकारियों ने राजस्व कर्मियों को हिदायत दी कि लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाएं। किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान परासोली गांव का एक



बहुचर्चित भूमि विवाद भी सामने आया। कुछ दिन पहले इस मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें एक पक्ष के बिटौड़े को बुलडोजर से हटाने के आरोप लगे थे। पीड़ित ग्रामीणों ने कार्रवाई पर आपत्ति जताई। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। संबंधित चौकी प्रभारी गुलाब तिवारी को दोनों पक्षों को बुलाकर शांतिपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि थाना समाधान दिवस का मकसद आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है ताकि उन्हें बार बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

## नाबालिग किशोरी लापता, बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप

**भौराकलां/बुढ़ाना।** भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव मुंडभर से एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर भोरांकला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और किशोरी की तलाश तेज कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार भौरांकला थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने भौराकलां थाने में एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बीती 17 अप्रैल की शाम करीब 07 बजे घर से लापता हो गई है। आरोप है कि एक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायतकर्ता के मुता. बिक घटना के समय चौहल सिंह पुत्र बनवारी और शेखर पुत्र धर्मवीर ने आरोपी युवक को किशोरी के साथ जाते हुए देखा था। परिजनों ने पहले रिश्तेदारी व अन्य संभावित जगहों पर खुद किशोरी की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। थक हारकर पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर दूसरी ओर भौराकलां पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। गायब नाबालिग की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।?

## शादी की खुशियां मातम में बदली, मामा की हार्ट अटैक से मौत

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेड़ा में शनिवार को एक परिवार की शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब सगाई समारोह के दौरान दूल्हे के मामा की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और घर में चल रहा उत्सव का माहौल गम में बदल गया।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बल्लू सैनी के पुत्र शुभम सैनी की लगन-सगाई का कार्यक्रम शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया था। परिवार में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं और रविवार को शुभम की बारात बेगमाबाद गढ़ी, जनपद बागपत जानी थी। सगाई समारोह में रिश्तेदारों, परिचितों और गांव के लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। घर में खुशी का माहौल था और सभी लोग शादी की रस्मों में व्यस्त थे। बताया गया कि शुभम के मामा पप्पू, जो नैयडू गांव से भात देने की रस्म निभाने के लिए आए थे, कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने परंपरा के अनुसार भात देने की रस्म पूरी की। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें तेज सीने में दर्द की शिकायत हुई। परिजन कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल उपचार के लिए जानसठ अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत गंभीर हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डक्क्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शादी की तैयारियां रुक गईं और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। गांव में भी इस घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

# हुस्ना मलिक ने किया स्कूल टॉप

**पुरकाजी ।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल का परिणाम घोषित हो गया है लाला सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा हुस्ना मलिक पुत्री सलीम मोहल्ला सरावज्ञान ने जनपद की टोप टान सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। हुस्ना मलिक ने 600 नंबर में से 552 नंबर प्राप्त करके 92: अंक प्राप्त किए हैं ।छात्रा हुस्ना ने अपने स्कूल के टीचर धीरज कुमार अनिल कुमार को अपनी शिक्षा का श्रेय दिया उनकी प्रेरणा से मैं आज इस मुकाम पर पहुंची हूं छात्रा हुस्ना आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती है। परिवार में खुशी की लहर है।



# दीवान सिंह इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान




**मुजफ्फरनगर।** दीवान सिंह इण्टर कॉलेज तितावी का इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 92.6 प्रतिशत व हाई स्कूल का परीक्षाफल 96.7 प्रतिशत रहा ।

इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग में छात्रा अंशु ने 412 (82.4 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रथम ,वाशु ने 404 (80.8 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर द्वितीय व छात्र रितिक कुमार ने 376 (75.2 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा मानविकी वर्ग में शौर्यश ने प्रथम स्थान, रियांश ने द्वितीय स्थान तथा महेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल परीक्षा में छात्रा वर्षा ने 537 (89.5) प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम,वंश कुमार 526 (87. 66 प्रतिशत) ने द्वितीय व छात्र उमंग ने 517 (86.17) प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया प्कालिज के प्रबन्धक डॉ.. विपिन कुमार सिंह एवम प्रधानाचार्य तरसपाल सिंह पुण्डीर ने सभी छात्र छात्राओ को आशीर्वाद दिया एवम उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

हेतु संदर्शित करने की सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 मुजफ्फरनगर।**

इजराये सं0 8 सन 2024

बिशम्बर सिंह आदि **बनाम** हरीश चन्द आदि। **बनाम**

1. ग्राम पंचायत भंगेला (भाँयगी), परगना खातौली, जिला मुजफ्फरनगर।, 2. प्रवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री बिशम्बर सिंह निवासी ग्रामभंगेला (भाँयगी), परगना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।

........**परफोर्मा मदयूनान**

चूंकि उपरिनामांकित डिक्रीदारान ने इस न्यायालय में डिक्री के अनुपालन हेतु अपने हक में विवादित सम्पत्ति पर दखल वाकेई व मुकम्मिल बाद बेदखली मदयून दिलाये जाने हेतु यह निष्पादन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है इसलिए आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस निष्पादन प्रार्थना पत्र के खिलाफ हेतु संदर्शित करने लिए दिनांक 28.04.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक्रुपेण अनर्दिश्ट अपने अभिवक्ता द्वारा संजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त निष्पादन प्रार्थना पत्र एकपक्षीय रूप से सुना व अवधारित कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 के 04 दिवस 20 को निकाली गई।

**न्यायाधीश सिविल जज (सी0डि0) फास्ट ट्रैक कोर्ट मुजफ्फरनगर।**

# खतौली को मिली नई महिला अफसर, सीओ रूपाली राव ने संभाला कार्यभार

## जनपद के कई सर्किलों में सीओ का कार्य संभाल चुकी हैं रूपाली राव

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रशासनिक बदलाव के तहत खतौली क्षेत्र में नई क्षेत्राधिकारी के रूप में रूपाली राव ने शनिवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले यहां तैनात सीओ रामशीष यादव का स्थानांतरण लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर किया जा चुका है।

कार्यभार संभालने के बाद सीओ रूपाली राव का कार्यालय स्टाफ और स्थानीय गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। जनपद में पूर्व में विभिन्न सर्किलों में डीएसपी के रूप में कार्य कर चुकीं रूपाली राव को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और अपराध की प्रवृत्ति का अच्छा अनुभव है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाएगा, जिसमें गोकशी, नशा तस्करी और संगठित अपराध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने 'मिशन शक्ति' को और प्रभावी बनाने की बात कही और आश्वस्त



किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सीओ ने पुलिस और आम जनता के बीच संवाद बढ़ाने पर भी जोर दिया, ताकि लोग बिना डर के अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचा सकें। उन्होंने आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और सुख्रढ़ करने की बात कही। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर सीओ ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कराया। इस दौरान कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल भी मौजूद रहे।

# मां-बेटी को लव जिहाद में फंसा चुका है हरसौली का युवक

**मुजफ्फरनगर।** स्वामी यशवीर महाराज पीठाधीश्वर योग साधना आश्रम बघरा ने आरोप लगाया है का बघरा क्षेत्र के गांव हरसोली का रहने वाला मेहताब पुत्र शरीफ एक लव जेहादी जाट समाज की एक विधवा महिला को लव जेहाद में फंसा कर अपने साथ रखे हुए है। इस विधवा महिला के दो पुत्र हैं और एक पुत्री है। इस विधवा महिला की बच्ची 14 वर्ष की हुई तो इस नाबालिक बच्ची को भी इस जेहादी अपनी हवस का शिकार बनाया और इस बच्ची को लेकर के भाग गया। कुछ समय बाद वापस आया तो एक हिंदू बस्ती में मुजफ्फरनगर शहर में मां बेटी को एक साथ लेकर के रहने लगा और हिंदू बनकर के रह रह रहा है। इस जिहादी ने दोनों मां बेटी को अपनी रखैल बना रखा है। बहुत ही घिनौना अपराध कर रहा है और यह भी जानकारी प्राप्त हुई है इस विधवा महिला और इसके दोनों छोटे बच्चों इस लड़की का इसमें धर्मांतरण भी कर दिया है इस जेहादी की पहले से ही 4 से 5 शादी भी हुई है और अपराधी है । यह बहुत ही गंभीर प्रकरण है। उन्होंने मुजफ्फरनगर पुलिस कप्तान संजय वर्मा से अनुरोध किया है कि आप इस विषय को तत्काल अपने संज्ञान में लेकर के बहुत ही कठोर कार्यवाही कराये। यदि ये जेहादी पकडा नहीं गया तो हम हरसोली गांव में इस जेहादी घर के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। उन्होंने हिंदू समाज की महिला और उसके बच्चे वापस कराने की मांग।

## सड़क हादसे में घायल हुए बुजुर्ग की हुई मौत

**बुढ़ाना।** गांव गढ़ी सखावतपुर निवासी सईद सैफी पुत्र निजामुद्दीन साइकिल से कहीं जा रहे थे तभी तेज रफ्तार स्प्लेंडर बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सईद गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल को पहले बुढ़ाना सीएचसी ले गए। हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर किया गया। वहां से भी डॉक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया। परिजनों ने मेरठ में संतोष अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया मगर बीती 20 अप्रैल की सुबह इलाज के दौरान सईद ने दम तोड़ दिया।

# रायपुर अटेरना की वंशिका ने किया कमाल

**मेधावी छात्राओं की सूची में बनाया स्थान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना की बेटी वंशिका ने यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया है।

वंशिका पुत्री राकेश ने एक इंटर कॉलेज से 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए मेधावी छात्राओं की सूची में जगह बनाई है। वंशिका की इस उपलब्धि से परिवार के साथ साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने



घर पहुंचकर वंशिका को बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। मानव सेवा धर्म प्रचार समाज के अध्यक्ष पडित जोगेन्द्र शास्त्री ने वंशिका को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ये भी कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में खूब आगे बढ़ रही हैं। वंशिका जैसी होनहार छात्राएं समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने बच्चों को निरंतर मेहनत कर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। छात्रा वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया। वंशिका ने कहा कि वह आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है और गांव का नाम देशभर में रोशन करना चाहती है।

# इंटर में टॉप 10 राबिया को सपा नेताओं ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** इंटर के परीक्षा परिणाम में नगर के सुभाषनगर निवासी मौ. साबिर अहमद की पुत्री राबिया ने शिक्षा सदन इंटर कालेज से जिले में टॉप करने वालों में 7 वी रैंक 88.60 अंक से हासिल करके जिले का नाम रौशन किया है।

समाजवादी पार्टी की ओर से वरिष्ठ सपा नेता व सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन एवं सपा अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ इसरार अल्वी ने राबिया को सम्मानित करते हुए राबिया व उनके पिता साबिर अहमद,माता हुस्नों एवं परिजनों को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह



सफलता से जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। राबिया द्वारा इस बड़ी सफलता से उनके परिजनों तथा क्षेत्रवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।**

विज्ञप्ति संख्या - 23/1 / आबकारी / व्यवस्थापन / मु.नगर / 2026-27/ दिनांक- 25 अप्रैल, 2026

**-: विज्ञप्ति :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी आयुक्त, उ.प्र., प्रयागराज के अर्द्धशासकीय पत्रांक: 2443-518/दस-लाइसेंस-367/ सुझाव आबकारी नीति (संशो) / 2026-2027 दिनांक: 12 फरवरी, 2026 के क्रम में ई-लाटरी तृतीय चरण के पश्चात् अव्यवस्थित **देशी शराब दुकान जानसठ अड्डा** को दैनिक आधार पर **दिनांक 29.04. 2026 से** संचालित किया जाना है। दैनिक व्यवस्थापन अधिकतम 14 दिवसों के लिए या नियमित व्यवस्थापन का दिनांक जो भी पहले हो तक के लिए किया जायेगा। दुकान के दैनिक व्यवस्थापन हेतु नियम एवं शर्तें इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या: 331/1/दिनांक 28.03.2026 के अनुसार होगी। आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति एवं एक फोटोग्राफ भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। **इच्छुक आवेदक दिनांक 27.04.2026 को सायं 04:00 बजे तक उपरोक्तानुसार अपने ऑफर सील बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर में प्राप्त करा सकते हैं। प्राप्त ऑफरों को दिनांक 27.04.2026 को सायं 04.30 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर में खोला जायेगा।** इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त की जा सकती है।

**( राकेश बहादुर सिंह )**

**जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।**

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर आयुष ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र के बघरा के मजरा गढ़ी देशराज में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां प्यार में मिले धोखे और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर एक 27 वर्षीय आयुष पुत्र नीरज नामक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

मरने से पूर्व प्रेमी ने प्रेमिका व उसकी मां द्वारा टॉर्चर करने को लेकर एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।


आयुष, मृतक

तितावी थाना क्षेत्र के बघरा के मजरा गढ़ी देशराज निवासी आयुष पुत्र नीरज के परिजनों ने बताया कि आयुष बघरा में स्पेयर पार्ट्स की दुकान करता था। उसका कॉलेज के समय से ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती व उसकी मां आयुष को उसकी प्रेमिका के साथ उसके फोटो व अन्य वीडियो वायरल करने की धमकी देते चले आ रहे थे। युवक के सुसाइड नोट में लिखा कि उसने प्रेमिका व उसकी मां को काफी पैसा भी दे दिया था, लेकिन उनकी मांग बढ़ती ही जा रही थी। जिसके चलते युवक तनाव में रहने लगा। आयुष के पिता का काफी समय पूर्व निधन हो गया था। परिवार में वह सबसे बड़ा था जिसके चलते आयुष पर परिवार की जिम्मेदार बढ़ गई थी। परिवार में मां सुनीता देवी, के अलावा छोटा भाई काशी व बहन मेघना है।

मेघना की शादी दिसम्बर में होनी है। प्रेमिका व उसकी मां द्वारा टॉर्चर करने पर आयुष ने छत के पंखे पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका व उसकी मां को ठहराया है।परिजनों ने बताया कि आयुष का 12 साल से अंशिका नाम की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

उन्होंने बताया कि लड़की का घर उनके घर से 20 किमी दूर है। इस समय लड़की मुंबई में जॉब कर रही है और वह आयुष पर शादी करने के लिए परेशान कर रही थी। आयुष पहले बहन मेघना की शादी करना चाहता था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और सुसाइड नोट को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक ने सुसाइड नोट में प्रेमिका व उसकी मां के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज में फंदे से लटका मिला बंदर का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में स्थित पुराने टेलीफोन एक्सचेंज परिसर में शनिवार को एक बंदर का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। बंदर की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। घटना को 20 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद वन विभाग या एनिमल रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची जिससे स्थानीय लोगों में रोष है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि शनिवार सुबह जब कुछ लोग एक्सचेंज परिसर के पास से गुजरे तो उन्होंने बंदर को रस्सी के फंदे से लटका देखा। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने बंदर को फंदे से लटकाकर मार दिया है। लोगों ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचना दी लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जिम्मेदार टीम मौके पर नहीं पहुंची। मौके पर जमा लोगों का कहना है कि बंदर के गले में रस्सी का फंदा बंधा था और वह ऊपर टीन शेड से लटका हुआ था। यह खुद से फंदा लगने का मामला नहीं लगता। लोगों ने बंदर की हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। लगातार 20 घंटे से शव लटका होने के कारण दुर्गंध भी फैलने लगी है। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर विभाग कितना गंभीर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। फिलहाल बुढाना पुलिस को मामले की जानकारी मिल गई है। लोगों ने मांग की है कि वन विभाग जल्द शव को कब्जे में कर पीएम कराए व मौत के कारणों का पता लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करे।

### चरथावल में पुलिस पर सवाल:

# 'शांति भंग' को बना रही है हथियार

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** क्षेत्र में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को बेहतर बताने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं स्थानीय स्तर पर कुछ मामलों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर विरोधाभासी तस्वीर सामने आ रही है।आरोप है कि घटनाएं होने के बाद पुलिस द्वारा मुकदमे तो दर्ज किए जाते हैं, लेकिन आगे की कार्रवाई में ढील बरती जाती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई मामलों में नामजद आरोपियों को जेल भेजने के बजाय शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई कर छोड़ दिया जाता है।स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले करीब पांच महीनों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें गंभीर आरोपों के बावजूद कार्रवाई सीमित रखी गई। आरोप यह भी हैं कि इस प्रक्रिया में आरोपियों को राहत देने के साथ-साथ सुविधा शुल्क लेने जैसी बातें भी सामने आ रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों में कानून के अनुसार ही कार्रवाई की जाती है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जांच की मांग**

क्षेत्र के लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि इन आरोपों पर उच्च अधिकारी क्या रुख अपनाते हैं और क्या कोई ठोस जांच शुरू होती है।मामला नंबर एक चरथावल के चौहटता मे एक बड़ी चोरी हो गयी थी चोरी की खबर प्रमुख समाचार पत्रों मे भी उजागर हुई थी लेकिन पुलिस द्वारा आज तक चोरी का खुलासा नहीं किया गया बल्कि चर्चा तो यहां तक हे की पुलिस ने चोरी के मामले मे समझौता कराने मे एक पुलिसकर्मी की अहम भूमिका रही हे और इसने मामले को रफा दफा करा दिया है। मामला नंबर दो एक ट्रांसपोर्टर के लडके द्वारा कुछ युवकों के साथ मारपीट कर दी गयी थी युवकों को जहाँ गंभीर चोटे आयी थी वही आरोपी पर कुछ कार्यवाही करने के बजाए पुलिस द्वारा पीड़ितों पर फैसला का दबाव बनाया गया जोकि क्षेत्र मे मामला चर्चा का विषय बना था मामला नंबर तीन क्षेत्र मे जहाँ युएसटीडी का धंधा जोरो शोरो से फलफूल रहा हे और इसी कड़ी मे कुटेसरा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर फजह्ल युएसटीडी के मामले मे कई युवक जेल भी जा चुके हे लेकिन चरथावल पुलिस के एक पुलिसकर्मी की भूमिका इस मामले मे पाए जाने की चर्चा जोरोशोरो से गूंज रही है। मामला नंबर चार करीब दो सप्ताह पूर्व क्षेत्र के रोनी हरजीपुर मे दो समुदायो मे झगड़ा हो गया था जिसके बाद मुस्लिम पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन आरोपियों से सांठगांठ करते हुए शांतिभंग मे चालान की बात कहते हुए सुविधा शुल्क लेने की पूरी चर्चा उड़ती रही वही जानकारी के अनुसार आरोपियों को शांति भंग मे जमानत न देने पर पुरे मामले का खुलासा होने की बात कही जा रही हे इसके अलावा और भी अनगिनत मामले हे जिसमे पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्यवाही न करने के बजाए उन्हें शांतिभंग मे चालान कर सुविधा शुल्क लेने की पूरी चर्चा चप्पे चप्पे पर गूंज रही हे और शांति भंग को चरथावल पुलिस द्वारा सुविधा शुल्क लेने के हथियार के रूप मे इस्तेमाल होने की बात क्षेत्र मे आम हो चली हैं।

# स्वर्ण चोला चढ़ाकर बालाजी धाम के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुके श्री बालाजी धाम मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ आज बड़ा ही धूमधाम से किया गया। जिसमें आज सर्वप्रथम नगर पंचायत की पूर्व सभासद राधा मित्तल पत्नी स्वर्गीय लाला नरेश कुमार मित्तल ने बालाजी महाराज को स्वर्ण चोला अर्पित किया।

इसी श्रृंखला में कल (आज) मंदिर प्रांगण में विशाल भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जाएगा। जिसमें दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक शीतल पांडे बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। 27 अप्रैल को बालाजी महाराज स्वर्ण रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। 28 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समर्पण किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के अतुल सिंघल, विनीत मित्तल, भाग्य शर्मा, अमित मित्तल, देशराज बंसल, राजकुमार बंसल, विनय गोयल, मोना अरोरा, अर्पित गोयल, अक्षय गोयल जी जान से जुड़े हैं। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश मित्तल, उमेश मित्तल, अंकित मित्तल, सुशांत कुमार, नवनीत गर्ग, नवदीप मित्तल, अमित संगल, मोहित गुप्ता, लव अग्रवाल, सागर अग्रवाल, शुभम मित्तल ,अनंत मित्तल, ठेकेदार कृष्णपाल चौधरी, दिव्यांश नामदेव, वरुण चौधरी, दिव्यांश नामदेव, दर्शित मित्तल सुधारानी, अलका मित्तल, प्रेरणा मित्तल, शैली मित्तल, काजल मित्तल, प्रिया वर्मा, दिगवी मित्तल, केसवी मित्तल, शिवानी मित्तल, छवि सिंगल मुजफ्फरनगर, लवी गुप्ता मुजफ्फरनगर, नेहा गर्ग, आयुषी अग्रवाल ज्वालापुर, शताक्षी अग्रवाल सहारनपुर सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।


शाहपुर। वार्षिकोत्सव में शामिल होते भगवान बालाजी के अनुयायी।


मुजफ्फरनगर: ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की गोष्ठी में मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

# जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजी से की छेड़छाड़

## विरोध करने पर मारपीट का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक युवती ने अपने सगे चाचा पर घर में घुसकर छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का देहांत करीब 15 साल पहले हो चुका है। परिवार और चाचा संजीव पुत्र रामस्वरूप के बीच जमीन की वसीयत को लेकर विवाद चल रहा है। मामला तहसील में विचाराधीन है। इसी रंजिश के चलते आरोपी अक्सर परिवार को परेशान करता है। युवती के अनुसार बीती रात आरा. ेपी संजीव दीवार फांदकर घर में घुस आया और कमरे में सो रही युवती से छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर मां की नींद खुली तो आरोपी ने गाली-गलौज की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब वह मां के साथ खेत पर गई तो आरोपी वहां भी पहुंच गया और फिर से अभद्रता व मारपीट की। बीच-बचाव करने आए गांव के युवकों से भी आरोपी भिड़ गया। आरोप है कि उसने युवकों का मोबाइल छीनकर फेंक दिया और मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता ने बुढ़ाना थाने पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी सुभाष बाबू अत्री ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी संजीव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


सामाजिक न्याय पार्टी के कार्यकर्ता ज्ञापन देते हुए।

# नेशनल हैकाथॉन में श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम

**मुजफ्फरनगर।** शिवालिक कॉलेज देहरादून में आयोजित नेशनल हैकाथॉन में श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम( ए आई प्रोजेक्ट के लिए मिला दूसरा स्थान

देहरादून के शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित नेशनल लेवल हैकाथॉन 2026ष में श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए द्वितीय पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

इस हैकाथॉन का आयोजन छात्रों के बीच तकनीकी कौशल, समस्या समाधान की क्षमता और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। यह एक 36 घंटे का निरंतर चलने वाला नेशनल लेवल इनोवेशन मैराथन था। इस महाकुंभ में देश के 18 राज्यों से 650 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें आईआईटी, आईआईएससी, एन आई टी और बिट्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की 122 टीमों ने अपने क्रांतिकारी आइडियाज प्रस्तुत किए, प्रतियोगिता के मुख्य डोमेन ए आई और साइबर सुरक्षा, स्मार्ट हेल्थकेयर, क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट एग्रीकल्चर, और इंफास्ट्रक्चर रहे।शिवालिक कॉलेज में आयोजित इस 36 घंटे के तकनीकी महाकुंभ में देशभर के दिग्गज संस्थानों की 122 टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। स्मार्ट हेल्थकेयर डोमेन में श्री राम कॉलेज की टीम ने अपनी एआई तकनीक से गंभीर बीमारियों के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने का जो मॉडल पेश किया, उसने विशेषज्ञों का ध्यान खींचा और 1.5 लाख रुपये के कुल प्राइज पूल वाले इस राष्ट्रीय मंच पर दूसरा स्थान पक्का किया। श्री राम कॉलेज ऑफ़ इंजी. नियरिंग के सीएससी विभाग के छात्रों की टीम में नितिन कुमार, गौरव कुमार,कार्तिक और आयुष्मान ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने श ए आई बेस्ड डिज़ीज़ डिटेक्शनश विषय पर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायक मंडल ने बेहद सराहा। इस उपलब्धि के लिए टीम को 31,000 रुपये का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कॉलेज परिसर पहुँचने पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अध्यक्ष डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने सभी विज. ेता छात्रों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, आज का युग एआई और नवाचार का है। हमारे छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी तकनीकी क्षमता को साबित किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इन छात्रों की सफलता यह दर्शाती है कि हमारे पास वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता है। शडिजीज डिटेक्शनश जैसे संवेदनशील विषय पर एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। संस्थान हमेशा ऐसे शोध और नवाचार को बढ़ावा देता रहेगा।

इस अवसर पर डॉ अश्विनी कुमार वशिष्ठ,डायरेक्टर, श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेशनल लेवल के मंच पर दूसरा स्थान प्राप्त करना कोई छोटी बात नहीं है।

इस अवसर पर डॉ. आशीष चौहान विभागाध्यक्ष, सीएससी विभाग ने बोलते हुए कहा कि यह छात्रों की सफलता विभाग के लिए अत्यंत गौरवशाली क्षण है। नितिन, गौरव, कार्तिक और आयुष्मान ने न केवल एक मॉडल तैयार किया, बल्कि एक व्यावहारिक समस्या का समाधान भी खोजा। विभाग इन छात्रों के तकनीकी कौशल को और निखारने के लिए प्रतिबद्ध है।


विजेता खिलाड़ियों को श्रीराम कॉलेज में सम्मानित करते शिक्षक।

# अजीज फातिमा हाईस्कूल में हुआ रिजल्ट सेलिब्रेशन समारोह

**बुढ़ाना।** अजीज फातिमा हाईस्कूल बुढ़ाना में शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के लिए रिजल्ट सेलिब्रेशन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सब छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा उमरा, छात्रा सुम्मैया, छात्रा इंजीला नूर, छात्रा आफरीन, छात्रा शिफा शमशाद, शिफा खालिद व नाजिया इरफान पुरुस्कार से सम्मानित हुई। समारोह की मुख्य अतिथि एडवोकेट महक कुरैशी ने बच्चों को इनाम देकर उनका हौसला अफजाई की और कहा कि कम अंक वाले हताश ना हों वे आगे खूब मेहनत करें और फर्स्ट पोजीशन पाएं। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद हसन कोही ने ऐसे समारोह कराने पर स्कूल प्रबंधन को बधाई दी। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद अहमद व प्रधानाचार्य नूर मोहम्मद ने सब बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह सफल बनाने में मोहम्मद तुलैब, सना, मोहम्मद सद्दाम, शाहनवाज, फरमान, शाहिद सिद्दीकी, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अलतमश, सुहैल रिजवानी, रईस अहमद, अशरफ अली, मंतशा, मोनू कुमार, शाहिद, रुखसार सनव्वर, फलक, अमीना, सीमा सिद्दीकी, जोया, शाजिया, अना, महक, निदा खान, सानिया खान, सायरा, उज्मा, जोया खान, मरियम, शाहिना, बुशरा परवीन, रुखसार महफूज, सादिका, राखी, अलीना परवीन, सना कुरैशी का योगदान रहा।

# भारत विकास परिषद उदय का प्रथम दायित्व बोध समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** भारत विकास परिषद उदय शाखा द्वारा प्रथम दायित्व बोध समारोह का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुराग दुबलिश( राष्ट्रीय गतिविधि सह -संयोजक सेवा),शरद चंद्रा (संगठन सचिव छब्र 1), प्रमोद गर्ग (क्षेत्रीय संयोजक संस्कार), डॉ लता शर्मा (क्षेत्रीय संयोजक महिला सहभागिता), जगदीश पालीवाल (क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण),प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव जी, प्रांतीय महासचिव मुकेश चंद्र गुप्ता का सानिध्य प्राप्त हुआ। मंच सज्जा के बाद मां सरस्वती एवं विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया तथा वन्दे मातरम् पूनम गुप्ता,मीनू गौतम, सीमा कुछ्छल द्वारा किया गया । तत्पश्चातउपस्थित पदाधिकारियों का सम्मान अंग-वस्त्र पहनाकर शाखा के सदस्यों द्वारा किया गया । प्रांत स्तरीय के अनेक गणमान्य दायित्वधारी, नगर में कार्यरत अन्य समस्त शाखा के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष, महिला सहभागिता आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपना सहयोग व आशीर्वाद प्रदान किया स प्रांतीय महासचिव मुकेश चंद्र गुप्ता ने 2026- 27 में आने वाली टीम का परिचय कराते हुए प्रगेश गौतम (अध्यक्ष)निखिल गुप्ता (सचिव) सी ए राजकुमार शर्माजी (कोषाध्यक्ष) पूनम गुप्ता (महिला सहभागिता) को मंच पर विराजमान किया तथा आने वाले बोर्ड को शपथ ग्रहण कराई। उसके बाद नए सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। सभी पदा. धिकारीयों ने अपने विचार रखें और प्रांत को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का आशीर्वाद दिया। प्रतिनिधि संयोजक परम कीर्ति शरण अग्रवाल ने आने वाली टीम को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का सुंदर संच. ालन राजीव मुंजाल द्वारा किया गया



शाखा के सदस्य प्रवीण सिंगल, मनोज गर्ग आदित्य अग्रवाल, अनिल गोपाल गर्ग,लक्ष्मी कांत मित्तल, डॉ वागेश शर्मा,मनोज अग्रवाल, सीए हरि मोहन गर्ग, वाशु, सचिन गुप्ता, अनूप कुछ्छल, आदि शाखा सदस्यों एवं मातृशक्ति ने उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया । अंत में शाखा सचिवनिखिल गुप्ता जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गान कराया और सभी को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा को डीएम-एसपी ने जांचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जिले में 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार को पहले दिन कडी सुरक्षा व्यावस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षार्थियों को थर्मल स्कैनिंग के बाद तलाशी लेने के बाद प्रवेश दिया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के दायरों में अनावश्यक रूप से किसी भी व्यक्ति को आने जाने नही दिया गया।

शनिवार को होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा सवेरे 9 से दोपहर 12 बजे तक हुई। जबकि द्वितीय पाली में तीन बजे से शामली 5 बजे परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को तीन





दिनों तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक और निर्विघ्न परीक्षा संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नवागत डीएम आलोक यादव और एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने परीक्षा के पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने थानाभवन स्थित किसान इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज और लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा केंद्रों में कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, और परीक्षा कक्षों में व्यवस्थाओं को देखा। डीएम आलोक यादव ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बनाए रखने और परीक्षा को पूरी मुस्तैदी से सुचारू रूप से संपन्न कराने का आवान किया। पहले दिन परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एएसपी सुमित शुक्ला, एडीएम सत्येन्द्र सिंह सहित सभी एसडीएम और सीओ अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, तहसीलदार शामली मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## होमगार्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभसवन।** कस्बे मे शनिवार को वर्ष 2026 की होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू हुई स नगर के परीक्षा केदो पर सुबह से ही अभ्यार्थियों की लंबी लाइन देखने को मिली स सरकार द्वारा चयनित परीक्षा केदो मे लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, इन तीनों केदो पर परीक्षा दो पालियो में आयोजित की गई स परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन कराने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी ली गई स यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी मुस्तैद रही। होमगार्ड भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन का विशेष योगदान रहा । परीक्षा को निष्पक्ष व नकलविहीन कराने के के कड़े इंतजाम किए थे।

## लोक अदालत को लेकर बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में आगामी 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी शामली द्वारा सभी पीठासीन अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी न्यायालयों एवं संबंधित विभागों में लंबित मामलों का चिन्हांकन कर उन्हें लोक अदालत में निस्तारण के लिए तैयार किया जाए। इनमें विशेष रूप से शमनीय वाद, दीवानी वाद, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, आर्बिट्रेशन से जुड़े विवाद, चालानी वाद, राजस्व वाद तथा बैंक संबंधी मामलों को प्राथमिकता दी जाए। इन सभी मामलों का 09 मई, शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्रभावी ढंग से निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि लंबित मामलों, जैसे वरासत, नामांतरण आदि से संबंधित वादों में त्वरित कार्रवाई की जाए। अधिक से अधिक मामलों को सुनवाई के लिए नियत कर संबंधित पक्षों को समन एवं नोटिस भेजकर उनकी समय पर तामीला सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि लोक अदालत में तय किए गए सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और निस्तारण के बाद उनकी प्रकृति के अनुसार विस्तृत विवरण रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की है।

## थाना समाधान दिवस में चकरोड़ व सरकारी भूमि पर कब्जे की तीन शिकायतें हुई दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना परिसर में शनिवार थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया समाधान दिवस में जनसमस्याओं से जुड़ी तीन शिकायतें दर्ज की गईं। थाना दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षकर सतीश कुमार ने की। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में गढ़ी दौलत निवासी इरफान पुत्र अख्तर ने गांव के अली शेर पर चकरोड़ पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कब्जे के चलते ग्रामीणों और किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। गांव नाला के सेवाराम ने पड़ोसी किसान पर चकरोड़ पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए




शिकायत की। उन्होंने बताया कि रास्ता बाधित होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जसाला निवासी किसान जगदीश ने गौरव नामक व्यक्ति पर सरकारी नाली और गेट पर कब्जा करने का आरा. ेप लगाया। उनका कहना है कि इससे जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है और आसपास के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में प्रभारी निरीक्षक व नायब तहसीलदार ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए।

# मंडी में वसूली के दौरान निरीक्षक से मारपीट

**□ मंडी के व्यापारियों ने निरीक्षक पर लगाए रिश्वत मांगने व अवैध वसूली के आरोप उप जिला. धिकारी से की शिकायत।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की नवीन मंडी में शनिवार सुबह वसूली के दौरान मण्डी निरीक्षक के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पीड़ित निरीक्षक ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कस्बे की नवीन मण्डी निरीक्षक अरविन्द कुमार यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह मंडी परिषद सहारनपुर द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार व्यापारियों से वसूली करने के लिए गया हुआ था। आरोप है इसी दौरान जब वह मंडी व्यापारी मोहिद राज के यहां पहुंचे, तो अधिक रसीद काटने को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी।आरोप है कि इसके बाद मोहिद राज, उसके भाई शाहरूख राज व साबिर राज तथा उनके पिता वाहिद राज ने मिलकर निरीक्षक को धक्का देकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उन्हें जबरन खींचकर जाहिद राज के कार्यालय में ले जाकर भी पीटा। मौके पर मौजूद अन्य व्यापारियों ने बीच-बचाव कर निरीक्षक को बाहर निकाला।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरो. पियों ने मंडी में उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए जान से मारने की धमकी दी और धार्मिक



टिप्पणी भी की। साथ ही मंडी में न घुसने की चेतावनी दी गई।पीड़ित निरीक्षक का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और वह अकेले रहते हैं, ऐसे में इस माहौल में काम करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरो. पियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। मंडी व्यापारी मोहिद राज व शाहरुख राज का कहना है की मंडी निरीक्षक लगातार व्यापारियों के साथ गाली गलौज व श्वित की मांग करता है, सभी व्यापारी निरीक्षक की वसूली से परेशान है इसके साथ जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग करता है, अधिक वसूली को लेकर विरोध करने पर निराशक ने व्यापारियों के साथ मारपीट की है और झूठी तहरीर दी है सभी आरोप निराधार हैं। व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### नायब तहसीलदार ने की मामले की जांच

मंडी निरीक्षक व व्यापारियों के साथ हुई मारपीट के मामले में उप जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव जांच करने के लिए पहुंचे उन्होंने मंडी निरीक्षक व्यापारियों से मामले की जानकारी ली, तहसीलदार ने बताया कि वह रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिका. रियों को सौंपेंगे।

## तालाब में डूबकर व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव रंगाना में पशु को नहलाते समय पैर फिसलने से तालाब में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। अमित कुमार (42) पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम रंगाना तालाब पर अपने पशु को नहलाने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद गांव के शमशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कैराना में फर्नीचर कारोबारियों के दो गुटों में खूनी भिड़ंत

**□ दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दरबार खुर्द में फर्नीचर कारोबारियों के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर शोरूम में घुसकर मारपीट करने और धारदार हथियारों से हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ क्रक्रस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार घटना 23 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। एक पक्ष का आरोप है कि विरोधी गुट के लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उनके शोरूम में घुस आए और कारोबारी, उसके पुत्रों व कारीगरों के साथ मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कराया। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाया है कि उसी समय विरोधी गुट के लोग उनके फर्नीचर शोरूम में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान धारदार हथियारों से हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। मौके पर लोगों के जुटने पर आरोपी वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में क्रॉस मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं।

पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा सीमा पर अटका यूपी का गेहूं

**□ दो हफ्ते बाद भी किसानों को राहत नहीं।**
**□ मंडी में एंट्री बंद, यूपी में भी अव्यवस्थाएं किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** लगभग दो हफ्ते बीत जाने के बाद भी यूपी के किसानों को हरियाणा प्रशासन की ओर से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। अप्रैल महीना खत्म होने को है, लेकिन अब भी यूपी के किसानों को हरियाणा की अनाज मंडियों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है।

बताया जा रहा है कि 2 अप्रैल से सरकार द्वारा गेहूं खरीद की शुरुआत कर दी गई थी। शुरुआती दिनों में यूपी के कुछ किसानों ने हरियाणा की मंडियों में अपनी फसल बेची, लेकिन जैसे ही हरियाणा के किसानों का गेहूं मंडियों में पहुंचा, वहां स्टॉक जमा हो गया। उठान धीमा होने के कारण मंडियां भर गईं। इसके बाद हरियाणा सरकार ने आदेश जारी कर दिया कि जब तक राज्य के किसानों का पूरा अनाज नहीं खरीदा जाता, तब तक दूसरे राज्यों के किसानों को एंट्री नहीं दी जाएगी। इस फैसले का सीधा असर यूपी के किसानों पर पड़ा है। कई किसानों ने हरियाणा के



आढ़तियों (कमीशन एजेंट) से पहले ही ब्याज पर एडवांस पैसा ले रखा है। अब यदि उनकी फसल हरियाणा में नहीं बिकती, तो उनके सामने कर्ज चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। उधर यूपी में भी हालात बेहतर नहीं हैं। क्रय केंद्रों पर बायोमेट्रिक सिस्टम सही से काम नहीं कर रहा, जिससे किसानों के फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो पा रहे और तौल नहीं हो रही है। वहीं ट्रांसपोर्ट की कमी के कारण खरीदा गया अनाज भी उठान नहीं हो पा रहा है।

एक समिति पर 260 किसानों को टोकन जारी किए गए थे, लेकिन अब तक केवल 38 किसानों का ही गेहूं खरीदा जा सका है। दोहरी मार झेल रहे किसान अब खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। एक ओर हरियाणा सीमा पर रोक है, तो दूसरी ओर यूपी में व्यवस्थाओं की कमी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक किसान इसी तरह परेशान होते रहेंगे और उनकी फसल का उचित मूल्य उन्हें कब मिल पाएगा।

## दिव्य योग संस्थान ने कराया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा शनिवार को शामली नगर पालिका की ऊपरी मंजिल पर योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी योग साधकों ने भाग लिया और योग के लाभों का अनुभव किया। इसके पश्चात संस्थान के सदस्य और योग साधकों ने भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तन रखकर पानी रखा।

शनिवार को पक्षियों के संरक्षण कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद, सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपनी छतों पर भी पक्षियों के लिए पानी और



दाना रखेंगे। जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम संस्थान द्वारा मानवता की सेवा में चलाए जा रहे है।

गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान आदि के कार्य भी संस्थान कर रहा है। इस तरह के कार्य समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाने के साथ-साथ प्रकृति और जीव-जंत. ुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी प्रकट करते हैं। मौके पर ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, अरविंद मलिक, सुभाष चंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, रामकुमार, अजय कुमार, जयपाल सिंह, घनश्याम कनकरवाल, अक्षय मलिक, कविता गुप्ता, उषा सिंह, शिक्षा शर्मा, पूनम शर्मा, रेखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से प्रधान के चाचा की दुखद मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत यहियापुर के वर्तमान प्रधान अर्जुन सिंह तोमर के चाचा रूपेश तोमर (50 वर्षीय) का हार्ट अटैक से अचानक निधन हो गया। इस दुखद घटना से परिवार में को. हराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, हादसा इतना अचानक हुआ कि परिवार के लोग उन्हें तुरंत डाक्टर के पास दिखाने के लिए ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस अप्रत्याशित घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि रूपेश तोमर पूरी तरह बिल्कुल स्वस्थ थे और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। अचानक तबीयत



बिगड़ने के कारण उन्हें संभलने का मौका भी नहीं मिला। सबसे मार्मिक पहलू यह है कि 28 तारीख को उनके भतीजे की शादी होनी थी, लेकिन इस हादसे ने घर की खुशियों को मातम में बदल दिया। जहां एक ओर शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहीं अब शोक का माहौल छा गया है। इसी बीच एक भावुक कर देने वाला संयोग यह भी रहा कि कल ही यूपी बोर्ड के परिणाम घोषित हुए, जिसमें रूपेश तोमर के बेटे आर्य तोमर ने 12वीं कक्षा प्रथम श्रेणी (फर्स्ट डिवीजन) के साथ उत्तीर्ण किया। बेटे की इस सफलता से जहां घर में खुशियां आने वाली थीं, वहीं पिता के निधन ने उन खुशियों को गहरे दु:ख में बदल दिया। मृतक रूपेश तोमर गांव के बेहद मिलनसार व सम्मानित व्यक्ति थे। वे आर्थिक रूप से संपन्न होने के साथ-साथ सरल स्वभाव के थे और हर व्यक्ति का सम्मान सद्भावनापूर्ण तरीके से करत7 थे। उनके अचानक निधन से गांव ने एक सज्जन और सहृदय व्यक्ति को खो दिया है। वह अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। बेटी की शादी कुछ वर्ष पहले ही हो चुकी है, जबकि बेटा वर्तमान में 12वीं कक्षा का छात्र है। इस घटना ने एक बार फिर यह एहसास दिलाया है कि जीवन अनिश्चित है। गांव के लोग और रिश्तेदार शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

# अवैध शराब सहित दो तस्करों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 63 पव्वे अवैध शराब बरामद की गई है।थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर जनपदभर में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना थानाभवन पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अभियु क्तों को अलग-अलग



स्थानों से गिरफ्तार किया।पकड़े गए आरोपियों की पहचान शादाब पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन तथा शौकीन पुत्र युसुफ निवासी ग्राम नंगला राई थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 40 पव्वे अवैध शराब बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आबकारी विभाग भी इस अभियान में सक्रिय नजर आया।

आबकारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ मंडी हसनपुर क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को अवैध शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रमेश पुत्र लखीम चंद निवासी मटी हसनपुर जनपद शामली के रूप में हुई है, जिसके पास से 23 पव्वे देसी शराब बरामद की गई।पुलिस और आबकारी विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने साफ किया है कि अवैध शराब के धंधे में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# टीम ने निरीक्षण के बाद भरे सात सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में किसानों को गुणवत्तापूर्ण पेस्टीसाइड्स उपलब्ध कराने तथा निर्धारित दरों पर उनकी बिक्री सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली के निर्देश पर गठित टीमों द्वारा 25 अप्रैल 2026 को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पेस्टीसाइड्स की दुकानों पर व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 7 पेस्टीसाइड्स के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए।

तहसील शामली एवं ऊन क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न पेस्टीसाइड्स विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसान सेवा केंद्र, राठ रोड ऊन सहित अन्य दुकानों से नमूने लिए गए।

साथ ही विक्रेताओं के अभिलेखों की भी गहन जांच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी उत्पाद मानकों के अनुरूप हैं और उनकी बिक्री नियमानुसार की जा रही है। इसी प्रकार तहसील कैराना क्षेत्र में भी उप कृषि निदेशक एवं उप जिला. धिकारी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। यहां भी विभिन्न कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों पर निरीक्षण करते हुए नमूने एकत्र किए गए। जांच के दौरान कुछ दुकानों पर रिकॉर्ड में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते संबंधित विक्रेताओं को सख्त चेतावनी दी गई।



छापेमारी के दौरान एक पेस्टीसाइड्स विक्रेता की दुकान को नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बंद करा दिया गया तथा उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अधिकारियों ने अन्य विक्रेताओं को भी निर्देशित किया कि वे पेस्टीसाइड्स की बिक्री करते समय स्टॉक रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट रखें और किसानों को सही मात्रा में तथा निर्धारित दरों पर ही दवाइयां उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने बताया कि लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई उत्पाद मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी प्रकार के पेस्टीसाइड्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और उनकी बिक्री निर्धारित दरों पर ही सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही ऐसे छापेमारी अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि किसानों को गुणवत्ता युक्त कृषि उत्पाद मिल सकें।

# स्वकर प्रणाली में बढ़ोतरी पर विधायक ने उठाए सवाल, पुनर्विचार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन** । थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर स्वकर प्रणाली के तहत गृहकर और जलकर में की गई अत्यधिक बढ़ोतरी पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

विधायक द्वारा 25 अप्रैल 2026 को भेजे गए पत्र में बताया गया कि उनकी विधानसभा क्षेत्र 09 थानाभवन (जनपद शामली)के अंतर्गत नगर पंचायत थानाभवन, जलालाबाद और गढ़ीपुख्ता में स्वकर प्रणाली लागू की गई है।



इसके तहत नगर पंचायत बोर्ड द्वारा मकानों के फ्लोर के आधार पर गृहकर में भारी वृद्धि की गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में जो जलमूल्य लिया जाता था उसे बदलकर जलकर लागू कर दिया गया है। इससे उन लोगों को भी जलकर देना पड़ेगा जिनके पास पानी का कनेक्शन नहीं है। विधायक ने इसे जनहित के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। विधायक अशरफ अली खान ने नगर विकास मंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए स्वकर प्रणाली में की गई बढ़ोतरी पर पुनर्विचार किया जाए और जलकर को पूर्व की भांति जलमूल्य के आधार पर ही लिया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## परिजनों ने लगाया युवती को फुसलाकर ले जाने का आरोप

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला से युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों में चिंता और बेचैनी का माहौल बना हुआ है।

पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल की सुबह युवती घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक उसे अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। परिजनों की ओर से दी गई तहरीर में यह भी कहा गया है कि युवती घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद भी अपने साथ ले गई। परिजनों ने अपने स्तर पर युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं, मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपी युवक युवती को मोटरसाइकिल पर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है, जिससे मामले को और बल मिला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि युवती की जल्द बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का

# हत्या में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ढाई दशक से हत्या के मामले में फरार चल रहे मोहल्ला नंनूपुरा निवासी सलीम वास्तविक को गाजियाबाद पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। सलीम को 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी इलाके से 13 वर्षीय संदीप बंसल के अपहरण और हत्या के मामले में वांछित किया गया था। इस गिरफ्तारी ने शामली में एक हलचल मचाई, क्योंकि सलीम ने लंबे समय तक अपनी पहचान बदलकर रहना शुरू कर दिया था और कोई भी उसे पहचान नहीं पा रहा था। सलीम, जो कि शामली के मोहल्ला नानूपुरा के नूर मोहम्मद का बेटा है। 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी से संदीप बंसल का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। 1997 में अदालत ने उसे इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, वह 2000 में ज़मानत पर जेल से बाहर आया और फरार हो गया। इसके बाद से उसकी तलाश लगातार जारी थी, लेकिन वह अपनी पहचान छुपाने में कामयाब रहा।

सलीम ने अपनी पहचान छिपाने के लिए धर्म परिवर्तन किया और खुद को सलीम वास्तविक नाम से प्रस्तुत किया। इसके अलावा, उसने अपनी पहचान बदलने के लिए समाज में एक्स-मुस्लिम के रूप में पेश होना शुरू कर दिया। यह कदम उसे पुलिस और समाज से पूरी तरह से छिपने में मदद करता रहा। इसके बाद वह विभिन्न स्थानों पर रहता रहा और पुलिस उसकी खोज में जुटी रही। इस शातिर बदमाश की गिरफ्तारी से शामली के लोग भी चकित हैं, क्योंकि यह अब एक लंबी अवधि तक छिपा रहा था और उसके परिवार के सदस्य भी अब तक उसकी गति. विधियों से अनजान थे। सलीम के दो भाई मुजफ्फर और जहीर का परिवार भी यहीं शामली में रहता है, और उसके पास एक खाली मकान भी है। इसके अलावा उसकी दो बहनें भी हैं, जिनमें से एक की शादी दिल्ली और दूसरी की देवबंद में हुई है। मार्च 2026 में अमरोहा के दो सगे भाइयों ने सलीम पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें एनकाउंटर में मार गिराया था। इस हमले के बाद सलीम अस्पताल में इलाज करवा रहा था, और उसी समय पुलिस ने उसकी गिर फ्तारी की। अब सलीम वास्तविक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और समाज के सामने यह एक बड़ा सवाल बन गया है कि कैसे वह इतने लंबे समय तक कानून से बचता रहा। गाजियाबाद पुलिस की इस सफलता को लेकर शामली के लोग आश्चर्यचकित हैं, और इस मामले ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है।

## 15 मई को होगी पॉलिटेक्निक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (पॉलीटेक्निक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सत्र 2026-27 के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जनपद शामली एवं आसपास के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया है कि पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु यह परीक्षा 15 मई 2026 से 22 जून 2026 के मध्य आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। यह प्रवेश परीक्षा डिप्लोमा इंजीनियरिंग (3 वर्ष), लेटरल एंट्री (2 वर्ष) तथा फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल (कक्षा 10) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले ही अपना आवेदन सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचा जा सके। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, शामली के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास के कारण तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

## चार लाख रुपए कराए वापस

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। कोतवाली में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गत 22 अप्रैल को काबडौत पुल के निकट हाईवे पर थाना क्षेत्र फुगाना निवासी अमित कुमार को एक बाइक सवार के बैंग से निकलकर सडक पर गिर रहे रूपये पडे मिले। इसके बाद शनिवार को विद्यासागर पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी नगला रोडान, थाना कुंजपुरा जिला करनाल ने थाना पर आकर उक्त नोटों की शिनाख्त की और बताया कि यह रुपये उसकी हैं। विद्यासागर ने इन रुपये की सुपुर्दगी की इच्छा जाहिर की। इसके बाद पुलिस ने बैंक से निक. ाले गए रूपयों की जानकारी ली।

# बेटे की मौत पर मां ने मांगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक महिला ने अपने बेटे की आत्महत्या के मामले में आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी कैराना से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके बेटे को एक युवती और उसके परिजनों द्वारा झूठे मुक. दमों व दबाव बनाकर प्रताड़ित किया गया, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली थी। शनिवार को गांव मलकपुर सानो पत्नी शराफत ने बताया की उसके बेटे जुनैद ने पिकअप वाहन से एक युवती को सामान चिलकाना तक पहुंचाया था। आरोप है कि किराया देने के बजाय युवती ने उसे प्रेम जाल में फंसाने का प्रयास



किया था। युवक द्वारा दूरी बनाने पर युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया और कथित रूप से झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था।महिला का कहना है कि मामले में हाईकोर्ट से स्थगन आद. ेश मिलने के बाद भी आरोपियों ने दबाव बनाना जारी रखा। आरोप है कि साजिश के तहत उसके बेटे और परिजनों के खिलाफ एक और गंभीर आरोप लगाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इससे उसका पुत्र मानसिक रूप से परेशान हो गया।परिजनों के मुताबिक विगत7 फरवरीको जुनैद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का दावा है कि आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाकर कुछ लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।पुलिस ने कैराना निवासी महिला व उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मामले में कई महा बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने पीड़ित महिला को जल्दी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में निकाली परिक्रमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला दयानंदनगर में श्री दुर्गा प्रसाद मैमोरियल स्मारक समिति द्वारा शिव मंदिर में चल रही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शनिवार को भगवान की प्रतिमाओं की भव्य नगर परिक्रमा निकाली गई। परिक्रम में कलश लिए महिलाऐं और ढोल नगाडे शामिल रहे। नगर परिक्रमा का अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

शनिवार को दयानंदनगर स्थित शिव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व सभासद सेठपाल जांगिड रहे। मंदिर परिसर



में पहले हवन यज्ञ हुआ, जिसके बाद पूजा अर्चना की गई। बाद में मंदिर प्रांगण से श्री दुर्गा प्रसाद मैमोरियल स्मारक समिति द्वारा भगवान शिव की प्रतिमा की नगर परिक्रमा निकाली गई, जो अजंता चौक, फव्वारा चौक, वीवी इंटर कालेज रोड, हनुमान रोड से होते हुए संपन्न हुई। नगर परिक्रमा निकाली गई। जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाऐं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। उसके साथ ढोल नगाडे शामिल थे। रविवार को मूर्तियों की स्थापना के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार संगल, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार संगल, कुलदीप वशिष्ठ, विनोद कुमार, नितिन संगल, वीके मित्तल, पवन संगल, गुलशन राय, तुषार संगल आदि मौजूद रहे।

# मंडी में भाकियू का धरना, गेहूं खरीद व्यवस्था दुरुस्त कराने की उठाई मांग

**☐ इफको केंद्र पर टीन शेड व बैठने की व्यवस्था न होने से किसान परेशान, सौंपा ज्ञापन।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को नगर की नवीन मंडी स्थित गेहूं खरीद केंद्र पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन कर खरीद व्यवस्था को सुचारू कराने की मांग उठाई। किसानों ने आरोप लगाया कि गेहूं खरीद केंद्र पर व्यवस्थाएं सही ढंग से संचा. लित नहीं हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।धरने के दौरान किसानों ने ईपको केंद्र पर टीन शेड डलवाने और बैठने की समुचित व्यवस्था कराने की मांग को लेकर मंडी सचिव को एक शिकायती पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि गेहूं खरीद के लिए बनाए गए तंत्र में तोल सही तरीके से संचालित नहीं हो रहा, जिससे लंबी लाइनें लग रही हैं और किसानों का समय व श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है।इसके अलावा किसानों ने बताया कि ईपको केंद्र पर न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही धूप व बारिश से बचाव के लिए कोई इंतजाम। मजबूरी में किसान खुले आसमान के नीचे खड़े होकर



खाद-बीज लेने को विवश हैं, जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।धरना-प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल नाल, तहसील अध्यक्ष गौतम पवार, विनर राठी, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौहान, नगर अध्यक्ष रईस पठान, अमजद बैग, असजद जिडाना सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारपीट कर रहे दो युवकों का काटा चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान मे मामूली विवाद को लेकर कई युवकों मे मारपीट हो गई पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे के मोहल्ला रायजादगान मैं कई लोगों के बीच मारपीट हो रही है सूचना पर पुलिस पहुंच गई पुलिस ने मौके से गांव भारसी निवासी नाजिम कस्बा निवासी भूरा को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नगर एवं क्षेत्र में किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

# गेहूं चोरी का प्रयास करते युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर की नवीन सब्जी मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर शनिवार को चोरी की एक को. शिश को किसानों और स्थानीय लोगों की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। मोटरसाइकिल पर गेहूं का बोरा उठाकर फरार होने की को. शिश कर रहे एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गेहूं का बोरा बरामद कर उसे हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में इन दिनों गेहूं खरीद का कार्य चल रहा है, जहां आसपास के गांवों से किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। शनिवार को मंडी परिसर में मौजूद किसानों और स्थानीय लोगों की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी, जो चोरी-छिपे



मोटरसाइकिल पर गेहूं का बोरा रखकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर लोगों ने उसे रो. कने की कोशिश की, लेकिन वह भागने लगा।इस पर किसानों और अन्य लोगों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इमरान निवासी कांधला बताया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से गेहूं से भरा बोरा भी बरामद किया गया।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# डीएम आलोक यादव ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी द्वारा शामली पहुंचने के बाद डबल लॉक कोषागार में महत्वपूर्ण अभिलेखों में हस्ताक्षर के साथ ही अपना पदभार संभाल लिया।

नवागत डीएम आलोक यादव ने गत शुक्रवार की देर रात तहसील शामली में पहुंचकर कोषागार के डबल लॉक में महत्त्वपूर्ण अभिलेखों पर हस्ताक्षर करते हुए आधिकारिक रूप से चार्ज ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह, एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार शामली मनोज कुमार, नायब तहसीलदार गोरव, सहायक कोषाधिकारी तालेवर सिंह और लेखाकार सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर नवागत जिलाधिकारी ने अपने कार्यभार को संभालते हुए प्रशासनिक कार्यों में तत्परता और पारदर्शिता बरतने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास और जनता की सेवा में उनका पूरा प्रयास रहेगा।

# खंद्रावली रोड पर बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी एक बुजुर्ग की खंद्रावली रोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गुलफाम पुत्र नसीबु (50) निवासी मोहल्ला आर्यपुरी शनिवार दोपहर करीब तीन बजे खंद्रावली रोड पर मृत अवस्था में पाए गए। बताया जा रहा है कि मृतक के हाथ-पैरों पर सूजन थी और मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे मौत के कारणों को लेकर संदेह पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बुजुर्ग व्यक्ति कुछ देर पहले तक खंद्रावली रोड स्थित एक होटल के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक वह गिर पड़ा और कुछ ही पलों में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी किला गेट प्रभारी विनोद राघव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जांच के



बाद ही मौत के सही कारणों का पता लग पायेगा। पुलिस का कहना है कि प्रथम ख्रष्टया मामला बीमारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है।

## रास्ता रोककर युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दरबारखुर्द में युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दरबारखुर्द निवासी शादाब पुत्र नौशाद ने तहरीर देते हुए बताया कि 19 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मोहल्ले की मस्जिद के पास समीर पुत्र इरफान, सद्दा और फैसल पुत्र सईद ने उसे रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए शादाब के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और धारदार पंच से हमला कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पीड़ित को आरोपियों से छुड़ाया। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों के गुटों में फायरिंग होने से मचा हड़कंप, छर्रे लगने से दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली क्षेत्र की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र के दो गांवो के छात्रो के गुटों में फायरिंग से हड़कंप मच गया। फायरिंग की घटना में दो छात्रों को छर्रे लगे जिनका उपचार नागल स्थित सरकारी अस्पातल में कराया गया जहां से उन्हें हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर दूसरें पक्ष के चार छात्रों को हिरासत में लिया है।

गांव पाहूपुर और बचीटी के कक्षा 10 के छात्र खेड़ा मुगल स्थित इंटर कॉलेज में पढ़ते हैं। दोनों गांव के छात्रों में किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। धीरें-धीरे रंजिश व्चर्सव की जंग में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरें को ललकारते हुए जगह निश्चित कर एक दूसरें से निबटने की चेतावनी दी। आरोप है कि पाहूपुर के छात्रो के गुट ने बचीटी पहुंच फायरिंग करदी। जिसमे वेदांत त्यागी और अंकुश त्यागी छर्रे लगने से घायल हो गए। अधांधुंध फायरिंग की आवाज से गांव में हड़कंप मच गया। घायल छात्रो को आनन-फानन में नागल स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया गया। गांव बचीटी निवासी रेखा ने गांव पाह. पूर निवासी एक छात्र सहित एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए देवबंद कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दज कर गांव पाहूपुर निवासी चार छात्रों को हिरासत में लेकर घटना की जांच प्रारंभ करदी है।

**कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने बताया कि मामला छात्रो की आपसी कहासुनी का है। बताया कि जांच उपरांत किसी भी दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।**

# शिवम ने किया जेईई एडवांस क्वालीफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छात्र ने इंटर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही जेईई मैन्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस परीक्षा क्वालीफाई की।

श्रीराम कृष्ण योगाश्रम इंटर कालेज के कक्षा 12 के छात्र शिवम ने इंटर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही जेईई मैन्स की परीक्षा 93 परसेंटाइल अंकों से उत्तीर्ण कर आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस परीक्षा क्वालीफाई किया है। स्कूल में कार्यक्रम आयोजित प्रधानाचार्य अरुण गोयल समेत स्टाफ ने छात्र का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शिवम की इस उपलब्धि से विद्यालय गौरवांवित हुआ है। उन्होंने शिवम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर दी छात्रवृत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को हर्ष विद्या रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान 2025-26 सत्र की 10वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को 31 लाख 43 हजार रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई।




स्कूल संस्थापक स्व. हर्ष कुमार सिंघल की स्मृति में आयोजित हुए समारोह में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, समाजसेवी विनोद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, राजीव गुप्ता ने भी विचार रखें। इस दौरान परीक्षाफल में 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 21 छात्रों, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 69 छात्रों, 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 113 छात्रों, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 154 छात्रों तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 186 छात्र छात्राओं को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, डायरेक्टर डा. अनुराग सिंघल व प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं समेत स्कूल स्टाफ शामिल रहा।

# सलीम से जुड़े लोगों की जांच हो: गोरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीम. ीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने एक्स मुस्लिम सलीम वास्तिक की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार को सलीम के मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और उससे जुड़े सभी लोगों की गंभीरता से जांच कराई जानी चाहिए।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने बयान जारी कर कहा कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि यह एक ऐसे रुझान की ओर संकेत करता है, जिसे गंभीरता से समझने और परखने की जरूरत है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज के दौर में कुछ लोग अपनी पहचान बनाने, व्यक्तिगत लाभ हासिल करने या किसी विशेष वर्ग की सराहना पाने के लिए धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। सवाल उठाया कि जो लोग एक्स मुस्लिम बनकर सार्वजनिक मंचों पर लगातार किसी धर्म के खिलाफ बयानबाजी करते हैं, क्या उनके उद्देश्यों और पृष्ठभूमि की निष्पक्ष जांच नहीं होनी चाहिए। कारी इस्हाक ने कहा कि इस तरह के मामले समाज में आपसी सौहार्द और विश्वास को प्रभावित करते हैं और एक गलत संदेश भी देते हैं। इसलिए जरुरी है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले तथ्यों की पारदर्शी और गहराई से जांच की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी तरह के दुरुपयोग को रोका जा सके। उन्होने सरकार से सलीम वास्तिक मामले को गंभीरता से लेने और वास्तिक के नाम पर सक्रिय लोगों की जांच कराए जाने की मांग की है।

# देवीकुंड संस्कृत महाविद्यालय के बच्चों का रहा अच्छा प्रदर्शन

**देवबन्द।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद बोर्ड लखनऊ के घोषित परीक्षा परिणाम में नगर के देवीकुंड संस्कृत महाविद्यालय के बच्चों का अच्छा प्रदर्शन रहा।

प्रधानाचार्या डा. रजनी गोयल ने बताया कि महाविद्यालय का परीक्षाफल 80 प्रतिशत रहा। उत्तर मध्यमा (कक्षा 12) में अभिषेक शर्मा ने 61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि किरण 57.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और यश शर्मा 57.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) में अमीर आलम 66.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मोहम्मद उस्मान ने 62.1 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और और तनिष्क ने 61.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10) में विजय ने 70 प्रतिशत अंक, बलराम शर्मा 65 प्रतिशत और तनुष्क 64 प्रतिशत अंक पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक प्रमोद गुप्ता व प्रधानाचार्य डा. रजनी गोयल ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आम्बेडकर प्रतिमा के अपमान पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव बडूली मे अज्ञात असामाजिक तत्वों ने बाबासाहब डॉ। अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर अपमान करने का घिनौना कार्य किया। ग्रामीण सूरज कुमार, शिवराज, सचिन, श्याम सिंह आदि के अनुसार गांव बडूली में गत दिवस डॉ। अंबेडकर भवन के सामने ग्राम समाज की भूमि पर बाबासाहब की प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया था। जिसको सुबह होते ही किसी अज्ञात द्वारा गांव की फिजा खराब करने की नियत से कूड़े के ढेर पर लिटा दिया। दिन निकलते ही जब ग्रामीणों ने इस कृत्य को देखा तो यह खबर आग की तरह फैल गई जिसको लेकर अनुयायियों में रोष पनप गया। गुस्साए लोगों ने गांव में ही धरना प्रदर्शन कर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बामुश्किल स्थिति को संभालते हुए बाबासाहब की प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर रखवाया और धरना दे रहे ग्रामीणों से बात कर उचित कार्यवाही और शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। जिसपर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान भीम आर्मी कार्यकर्ता विनोद कुमार, जॉनी कुमार, बुल्ला शाह, आशीष, अंकुर, कांत, अर्जुन बिंदल, नितिन, अक्षय दुबे, संयम, अमरदीप, राहुल, गुलाब व पंकज समेत मौजूद रहे।



# 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी

## टीम ने बिजली चोरी न करने और स्मार्ट मीटर लगवाने को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विद्युत निगम व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने आज की सुबह नांगल सोती क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। टीम ने 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। जिनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



विद्युत निगम के एसडीओ राहुल यादव के नेतृत्व में विजिलेंस की टीम ने सुबह नांगल सोती, हरचंदपुर और चमरौला में उपभोक्ताओं के घरों में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की। टीम ने 10 घरों में बिजली चोरी पकड़ी। एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि चार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में रिचार्ज ना होने के कारण सीधे मीटर से अलग केबल डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। छह उपभोक्ताओं के घरों में कनेक्शन क्षमता से अधिक 15 किलोवॉट का भार चलते पाया गया। सभी 10 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम ने ग्राम चमरौला में मार्च निकालकर बिजली चोरी न करने और स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

# सीएचसी में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

## कर्मचारियों ने ली मलेरिया उन्मूलन की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी में आज विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सीएचसी अधीक्षक डा.बीके स्नेही के नेतृत्व में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।



डा. बीके स्नेही ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया है और सरकार ने वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में मच्छरों की संख्या बढ़ने से मलेरिया सहित अन्य संक्रामक रोग फैलने की आशंका रहती है। समय पर जांच और उपचार न मिलने पर मलेरिया गंभीर व जानलेवा हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में खून की जांच कराएं, जिससे समय पर सही उपचार मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की ब्लड स्लाइड जांच अभियान चलाने की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को घर व आसपास पानी जमा न होने देने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। बताया गया कि मलेरिया का उपचार सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

इस मौके पर डा.हासिम, डा. प्रणव, डा.राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, मौहम्मद फारूख सुमित कुमार, धीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार, चित्रा, तुषार चंद्र, अमित कुमार, आलोक कुमार, एआरओ आलोक कुमार, फार्मासिस्ट योगेश, हरीश, प्रदीप रावत, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ राशि, अनम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीयूजी नंबर नहीं उठाते अधिकारी, जवाबदेही से दूरी

## पत्रकारों को नहीं मिलता जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने सीयूजी नंबर तक उठाना जरूरी नहीं समझ रहे, जिससे न केवल आमजन बल्कि मीडिया कर्मियों को भी जानकारी प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जब किसी मामले में अखबार संवाददाता या मीडिया प्रतिनिधि अधिकारियों से पक्ष जानने के लिए संपर्क करते हैं, तो कई बार कॉल रिसीव नहीं की जाती। कई बार फोन लगातार बजता रहता है, लेकिन जवाब नहीं मिलता, और कुछ मामलों में बाद में भी कॉल बैक नहीं किया जाता। मीडिया से जुड़े लोगों का कहना है कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले संबंधित अधिकारी का पक्ष लेना पत्रका. रिता का अहम हिस्सा होता है। लेकिन जब अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, तो निष्पक्ष और संतुलित रिपोर्टिंग प्रभावित होती है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है कि क्या अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर हैं? शासन स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही की बात की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग नजर आ रही है। स्थानीय लोगों और मीडिया कर्मियों का मानना है कि अधिकारियों को अपने सीयूजी नंबर पर उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि जनता और मीडिया के बीच संवाद बना रहे और प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास कायम रह सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या उच्च अधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हैं और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह बनाते हैं या फिर यह समस्या यूं ही बनी रहती है।

# सीएम से मिले डा. एनपी सिंह



**धामपुर।** नगीना चौराहा निवासी एवं हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल प्रभारी तथा श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एवं हॉस्पिटल पीपलसाना के अध्यक्ष डा. एनपी सिंह सीएम योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डा. एनपी सिंह ने सीएम से जनपद बिजनौर के विकास, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े निवेशकों को आ रही परेशानियों के संबंध में भी सीएम को अवगत कराया गया। डा. एनपी सिंह के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनपद बिजनौर के समग्र विकास को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया और जल्द ही बिजनौर दौरे का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जनपद की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की बात कही। डा. एनपी सिंह ने बताया कि सीएम से हुई यह मुलाकात बेहद सार्थक रही और उन्होंने जनपद के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। सीएम द्वारा दिए गए आश्वासन से जनपदवासियों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि सीएम का दौरा होता है, तो जनपद के लंबित कार्यों को गति मिलेगी और स्थानीय समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# रात में महिला के घर में घुसा युवक पकड़ा

**स्योहारा।** ग्राम गोवर्धनपुर निवासी एक युवक देर रात अपने घर से ट्रैक्टर लेकर खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। बताया जाता है कि युवक खेत पर जाने की बजाय सीधे एक महिला के घर पहुंच गया। युवक के घर में प्रवेश करने के बाद कुछ समय तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी। इसी दौरान घर में सो रहे महिला के छोटे बच्चों की अचानक नींद खुल गई। मां को पास न देखकर बच्चे रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। जब परिजनों ने तलाश की तो युवक को घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया गया। देखते ही देखते गांव में सूचना फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद गांव में सामाजिक मर्यादाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# बंदर पकड़ने का अभियान जारी

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में बढ़ती बंदरों की संख्या को देखते हुए पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने बताया कि नगर में बंदरों के आतंक से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई स्थानों पर बंदरों द्वारा लोगों पर हमला करने एवं घरों में घुसकर नुकसान पहुंचाने की शिकायतें मिल रही थीं। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पालिका प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाया जा रहा है।

# एमएम कालेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज परीक्षा परिणाम इस बार भी श्रेष्ठ रहने से विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। इसे कॉलेज के शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा प्रदान करना और उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। हाईस्कूल में 278 विद्यार्थी थे। जिनमें से 11 अनुपस्थित रहे जबकि 267 विद्यार्थियों में से 241 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे और 26 फेल रहे। इस क्रम में कॉलेज का 90.26 प्रतिशत परीक्षाफल रहा। मौहम्मद जैद आलम ने सर्वाधिक 82.50 प्रतिशत अंक तथा अबू बक्र ने 600 अंको में से 466 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उधर इंटर मीडिएट की परीक्षा में कॉलेज टॉपर साइंस में अब्दुल मन्नान ने 500 अंकों में से 410 अंक प्राप्त कर प्रथम, मौहम्मद अर्श ने 500 अंकों में से 370 अंक प्राप्त किए।

# मीट कारोबारियों की मनमानी से परेशानी

## लगातार बढ़ रही कीमतों से ग्राहकों में नाराजगी का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में भैंस के मीट की बढ़ती कीमतों ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मीट के दामों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर ग्राहकों में नाराजगी का माहौल है।

स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों का आरोप है कि मीट कारोबार से जुड़े कुछ बड़े सप्लायरों की मनमानी और आपसी सांठगांठ के चलते बाजार में कृत्रिम महंगाई पैदा कर दी गई है। मीट व्यापारियों का कहना है कि सप्लाई व्यवस्था पर एक सीमित समूह का कब्जा बना हुआ है। जब भी कोई नया सप्लायर नगर में मीट की सप्लाई शुरू करने की कोशिश करता है, तो उसकी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया जाता है या दबाव बनाकर सप्लाई बंद करा दी जाती है। इसके चलते बाजार में प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई है और कुछ चुनिंदा सप्लायर अपनी मनमर्जी से दाम तय कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे जानबूझकर मीट महंगा नहीं बेच रहे, बल्कि सप्लायरों द्वारा बढ़ाए गए रेट के कारण उन्हें मजबूरी में कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं।

वहीं ग्राहकों का आरोप है कि ऊंचे दाम वसूलने के बावजूद कई बार मीट की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं रहती। नगर में यह मामला इसलिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि करीब तीन वर्ष पूर्व मीट के बढ़ते दामों को लेकर नगर में यह चर्चा जोर पकड़ गई थी कि एक जनप्रति. निधि को मीट सप्लायरों द्वारा प्रतिदिन लगभग 30 रुपए प्रति किलो का कमीशन दिया जाता है। जिसके कारण मीट महंगा हो रहा है, हालांकि बाद में यह बातें केवल चर्चाओं तक ही सीमित रहीं और किसी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। नागरिकों कहना है कि उस दौर में बढ़ती कीमतों से ध्यान हटाने के लिए तरह-तरह की बातें फैलाकर माहौल बनाया गया था। नागरिकों का मानना है कि महंगाई की असली वजह सप्लाई व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी और कुछ कारोबारियों की मनमानी है स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सप्लायरों की अधिकारियों में मजबूत पकड़ होने के कारण शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मीट सप्लाई व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कराई जाए। फिलहाल नगर में मीट की बढ़ती कीमतें लोगों के बीच चर्चा और असंतोष का प्रमुख विषय बनी हुई हैं तथा लोग प्रशास. निक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# डिवाइडर से टकराया डंपर



**रेहड़।** डंपर चालक मौहम्मद जुबैर निवासी ग्राम दहलावाला आज शाम करीब चार बजे ग्राम हसनपुर से दहलावाला जा रहा था। रेहड़ बस स्टैंड के पास हाईवे पर आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार को बचाने के लिए उसने जैसे ही डंपर के इमरजेंसी ब्रेक लगाए, वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को हाईवे से हटवाकर आवागमन सुचारु कराया।

# बाल अपचारी का थाने में आत्मसमर्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** हत्या के मामले में फरार चल रहे एक बाल अपचारी ने थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

मालूम हो कि 19 मार्च को क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में दो सगे भाई पप्पू और महेंद्र में जमीन की मेंढ को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें पप्पू और उसका लड़का मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। 23 मार्च को मोनू की इलाज के दौरान ऋषिकेश एम्स में मृत्यु हो गई थी। पप्पू के लड़के सोनू की तहरीर पर कोमल, यशपाल, महेंद्र, जयपाल और एक बाल अपचारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कोमल, यशपाल, महेंद्र, जयपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, आरोपित बाल अपचारी फरार हो गया था, जिसकी पुलिस को तलाश थी, आज फरार बाल अपचारी ने नांगल थाने में आकर आत्मसमर्पण कर दिया। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि वांछित बाल अपचारी ने थाने आकर आत्मसमर्पण कर दिया है, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।




नई दिल्ली। पंजाब को प्रभसिमरन दिल्ली के खिलाफ मैच में अपनी शानदार पारी के दौरान शॉट खेलते वहीं कप्तान अय्यर अपन अर्द्धशतक पूरा करने के बाद



जयपुर। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंद में 103 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली राजस्थान ने पहले खेलते हुए 228/6 रन बनाएं

## खेल विशेष

### बंगलादेश की नाहिदा, सरमिन पर जुर्माना और डिमेरिट पॉइंट्स लगाए गए

ढाका, वार्ता। बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और सरमिन सुल्ताना पर बुधवार को राजशाही में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अलग-अलग लेवल 1 उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला, जो पिछले 24 महीनों में उनकी पहली ऐसी गलती थी। नाहिदा पर 17वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापट्टू को आउट करने के बाद गुस्से में विदाई देने के लिए जुर्माना लगाया गया, जबकि सरमिन पर बंगलादेश के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16वें ओवर में पगबाधा दिए जाने के बाद असहमति दिखाने, अपनी विदाई में देरी करने और बल्ला अंदर करने का इशारा करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

### भुल्लर सिंगापुर ओपन के टॉप-5 में कायम

सिंगापुर, वार्ता। मुश्किल हालात में गोल्फ के उतार-चढ़ाव वाले राउंड के बावजूद, गगनजीत भुल्लर ने कड़ी मेहनत की और बिजनेस टाइम्स द्वारा पेश किए गए सिंगापुर ओपन के तीसरे दिन लीडरबोर्ड के टॉप-5 में बने रहे। 20 लाख डॉलर के इंटरनेशनल सीरीज इवेंट में लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर कोरिया के जियोंगवू हैम हैं, जिन्होंने आज 68 का स्कोर करने के बाद तीनों दिन लीड बनाए रखी है। सेंटोसा गोल्फ क्लब के मुश्किल सेरापोंग कोर्स के साथ एनर्जी खत्म करने वाले हालात में भी, भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मूविंग डे पर 1-ओवर 72 का स्कोर किया, यह राउंड उनके लिए नुकसान कम करने और रेस में बने रहने के बारे में था। भुल्लर अभी 6-अंडर 207 के साथ टाई-पांचवें स्थान पर हैं, यह स्थान उन्होंने थाई जैज जानेवतनंद (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ शेयर किया।

### युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का सही समय: कर्नल राठौर

नई दिल्ली, वार्ता। एथेंस ओलंपिक के रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शनिवार को देश के युवाओं से अपने लक्ष्य पाने के लिए फोकस्ड रहने को कहा। ओलंपिक मेडलिस्ट कर्नल राठौर, जिन्होंने अपने शानदार स्पोर्ट्स करियर में अलग-अलग ग्लोबल और एशियन शूटिंग इवेंट्स में 9 गोल्ड मेडल जीते, ने कहा कि हम सभी को अपने लक्ष्य पाने के लिए कभी-कभी फेल होना पड़ता है। यहां यूथ समिट, एनडीटीवी युवा 2026 में बोलते हुए, कर्नल राठौर ने आगे कहा कि युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का यह सही समय है। राठौर, जो अभी राजस्थान सरकार में इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स मिनिस्टर हैं, ने कहा कि जब हम छोटे थे, तो हमारी अवेयरनेस का लेवल काफी कम था। आज के युवाओं में अवेयरनेस का लेवल बहुत ज्यादा है। वे दुनिया के बारे में, देश के बारे में जानते हैं। देश किस तरफ जाएगा, यह काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हम सबको फेल

# सूर्यकुमार, अय्यर, शिवम दुबे टी-20 मुंबई लीग के लिए रिटेन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए मंच तैयार कर दिया है। उन्होंने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की एक स्टार-स्टडेड लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे शामिल हैं।

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान आयुा म्हात्रे, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे और सरफराज खान जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को रिटेन करने और यशस्वी जायसवाल व अजिक्य रहाणे को आइकॉन प्लेयर बनाने के साथ, फ्रेंचाइजी ने एक मजबूत मुख्य टीम तैयार कर ली है। यह लीग के बढ़ते कद और उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को दिखाता है।



आठों टीमों में से हर एक ने तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस तरह उन्होंने अंतर्राट्रीय अनुभव और उभरते हुए घरेलू टैलेंट के बीच एक रणनीतिक संतुलन बनाया है, क्योंकि लीग अपने चौथे रोमांचक सीजन की ओर बढ़ रही है। ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने सूर्यकुमार (आइकॉन प्लेयर) को रिटेन किया है, जिन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब दिलाया था। उनके साथ आयुा और सूर्यांश शेडगे को भी रिटेन किया गया है।

# 'करो या मरो' के मुकाबले में भिड़ेंगे लखनऊ और कोलकाता

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार हार झेल रही लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रविवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 38वें मैच में, वापसी कर रही कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि दोनों ही टीमें इस सीजन में संर्घा कर रही हैं और उनका भविय एक अहम मोड़ पर खड़ा है, लेकिन दोनों की मौजूदा स्थिति (मोमेंटम) बिल्कुल अलग है। लखनऊ लगातार चार हार से जूझ रही है और पॉइंट्स टेबल में नीचे खिसकती जा रही है, जबकि



कोलकाता इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज करने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। लखनऊ के लिए, बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और आयुा बडोनी की सलामी जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत देने में नाकाम रही है, जिससे कप्तान ऋाभ पंत पर शुरुआती दबाव बढ़ गया है। निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी और हिम्मत सिंह से सजी मध्यक्रम की बल्लेबाजी ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनमें सामूहिक निरंतरता की कमी दिखाई देती है। मार्श टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं,

और टीम के लिए कुछेक उम्मीद की किरण हैं, जबकि मार्करम के आक्रामक रवैए ने टीम की बल्लेबाजी को कुछ गति प्रदान की है। हालांकि, पूरन और पंत के संर्घा ने टीम की मैचों को मजबूती से खत्म करने की क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी एक अहम योगदानकर्ता के रूप में उभरे हैं, विशो रूप से इस सीजन की शुरुआत में कोलकाता के खिलाफ खेली गई।

# गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर

**चेन्नई, वार्ता।** अलग-अलग ताकतों पर आधारित एक हाई-स्टेक्स मुकाबला होने वाला है, जब चेन्नई सुपर किंग्स रविवारको एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी, इस मैच का नतीजा शायद इन-फॉर्म खिलाड़ियों और टीम के संतुलन से तय होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स इस मुकाबले में सीजन की खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी करके उतर रही है। इस बदलाव के केंद्र में संजू सैमसन रहे हैं, जिनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है। सैमसन के आक्रामक स्ट्रोकप्ले ने सीएसके को टॉप ऑर्डर में गति दी है, जबकि गायकवाड़ अब तक भले ही औसत प्रदर्शन कर रहे हों, फिर भी पारी को संभाले हुए हैं।



मध्य क्रम, जिसमें सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे शामिल हैं, स्थिरता और ताकत का मिश्रण पेश करता है, जरूरत पड़ने पर हर कोई रन बनाने की गति बढ़ा सकता है। एमएस धोनी के संभावित शामिल होने से अनुभव और मैच खत्म करने की ताकत जुड़ती है,

जबकि कार्तिक शर्मा विकेटकीपिग के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बने हुए हैं। ऑल-राउंड गहराई को जेमी ओवर्टन ने और मजबूत किया है, जिनकी दोहरी भूमिका टीम की लाइनअप में लचीलापन लाती है। गेंदबाजी यूनिट में नूर अहमद की स्पिन, अंशुल कंबोज की निरंतरता और गुरजपनीत सिंह व मुकेश चौधरी के तेज गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। अकील हुसैन से एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर ऐसी पिच पर जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार हो, वहीं, हाल ही में चोट के कारण हुए बदलावों के बाद आकाश मधवाल टीम को और गहराई देते हैं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स अपने जबरदस्त टॉप ऑर्डर पर बहुत ज्यादा निर्भर है, जिसमें साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर शामिल हैं।

इस तिकड़ी ने इस सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, सुदर्शन ने हाल ही में एक शतक जड़ा है, जबकि गिल टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बटलर की मौजूदगी टीम में विस्फोटक क्षमता जोड़ती है,

हालांकि उनकी निरंतरता में कमी अभी भी चिंता का विाय बनी हुई है। ग्लेन फिलिप्स मध्य क्रम में अतिरिक्त आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं, जिन्हें वॉशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान का साथ मिलता है, हालांकि, इन दोनों का योगदान अब तक अनियमित रहा है। राहुल तेवतिया के एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर खेलने की उम्मीद है, जो मैच खत्म करने की क्षमता और रणनीतिक लचीलापन टीम में लाएंगे। टाइटन्स का गेंदबाजी आक्रमण उनकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक बना हुआ है। चेन्नई के हालात में राशिद खान की स्पिन गेंदबाजी अहम साबित हो सकती है।

# अल्काराज कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस, वार्ता।** सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दुनिया के नम्बर 2 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि कलाई की पुरानी चोट के कारण वह आने वाले इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अल्काराज ने सोशल मीडिया पर बताया कि अपनी दाईं कलाई



के मेडिकल टेस्ट के नतीजे आने के बाद, उन्होंने और उनकी टीम ने यह फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम यही होगा कि सावधानी बरती जाए और रोम या रौलां गैरो में हिस्सा न लिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरे लिए एक मुश्किल दौर है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि हम इससे और भी मजबूत होकर उभरेंगे। 22 साल के इस स्पेनिश खिलाड़ी को पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के पहले राउंड के मैच के दौरान यह चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने फनिलैंड के ओटो विर्टानन को हरा दिया था।

# ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बनाम गुजरात टाइटंस (जीटी) का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है। आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड विराट कोहली एक बार फिर अपने परिचित अंदाज में दिखे। पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए। आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे। कोहली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाजी की, मैच खत्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष



पर पहुंच गए। अब उनके नाम सात पारियों में 328 रन हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएस) के अभिोक शर्मा से पांच रन ज्यादा हैं। शीर्ा दो के बाद एसआरएच के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, और उनके पीछे जीटी के शुभमन गिल हैं। गिल ने आरसीबी के खिलाफ 24 गेंदों पर 32 रन बनाए और सीजन में अपने कुल रन 297 तक पहुंचाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स द्धसीएसकेऋ के संजू सैमसन से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि सैमसन पांचवें स्थान पर खिसक गए। आरसीबी-जीटी मैच के बाद रजत पाटीदार भी आगे बढ़े। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने इस मैच में सिर्फ आठ रन बनाए जो उनका लगातार दूसरा कम स्कोर है लेकिन वह एसआरएच के इशान किशन के साथ 238 रन पर बराबरी पर पहुंच गए (स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं)। वहीं जीटी के ओपनर साई सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाकर सीजन का पांचवां शतक लगाया और टॉप-10 में जगह बना ली। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी-जीटी मैच में केवल आठ विकेट गिरे, और उनमें से एक भी जीटी के प्रसिद्ध कृणा को नहीं मिला, जिससे वह 12 विकेट के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर ही बने रहे,

जहां वह एसआरएच के ईशान मलिंगा के साथ हैं। उनसे आगे सीएसके के अंशुल कम्बोज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिंस यादव हैं। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने जॉस बटलर का विकेट लिया, जिससे उनके इस सीजन में 11 विकेट हो गए। वह अब राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई के साथ बराबरी पर हैं, और ए तीनों शीर्ा चार के ठीक पीछे हैं।

## 'सही समय पर बाउंड्री लगाना मेरी जिम्मेदारी थी': कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट कोहली ने देवदत्त पड़िक्कल के साथ अपनी 115 रन की साझेदारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की 206 रन के सफल चेज में 'गेम चेंजर' बताया, जो उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हासिल किया। कोहली को 44 गेंदों में 81 रन (आठ चौके और चार छक्के) की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, और आरसीबी सात मैचों में पांचवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विराट ने आरसीबी की बल्लेबाजी पर कहा कि मेरा मतलब है, हमें शुरुआत में विकेट को समझना था क्योंकि उनके पास क्वालिटी गेंदबाजी आक्रमण है, और बेंगलुरु में 200 (206) का पीछा करते हुए हमें पता है कि हमें सिर्फ एक साझेदारी की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि मेरे और (जेकब) के बीच बातचीत यही थी कि पहले कुछ ओवर को समझें, क्या हो रहा है, और फिर वहां से खेल को आगे बढ़ाएं। मुझे लगता है कि देवदत्त पड़िक्कल ने इस सीजन में यह दूसरी बार किया है कि जब वह आए और पहली ही गेंद से शानदार बल्लेबाजी की। पड़िक्कल की 27 गेंदों में 55 रन की पारी ने मिडिल ओवर्स में आरसीबी को जरूरी रन रेट से काफी आगे रखा, और उनका आक्रामक इरादा जीटी के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ भी साफ दिखा। कोहली ने कहा कि आप जानते हैं, कगिसो रबाडा के खिलाफ पहला चौका शानदार था। उनके पास गेम अवेयरनेस और क्षमता है। खासकर हमारी परिस्थितियों में अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेलने और विपक्षी टीम को नुक़सान पहुंचाने की।

# अफसर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारें: मुकेश

## उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति की उपसमिति के प्रथम अध्ययन दल ने ली समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति की उप समिति के प्रथम अध्ययन दल ने अधिकारियों को सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये।

सर्किट हाउस में सभापति मुकेश चौधरी के सभापतित्व में समिति के सदस्य विधायक लक्ष्मीराज सिंह, विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह, विधायक डॉ. मंजू सिवाच तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने समिति के सभापति एवं सदस्यों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं जनपद के ओडीओपी काष्ठ कला उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। उप समिति के सभापति मुकेश चौधरी ने कहा कि अधिकारी सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें जिससे पंक्ति के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का बेहतर निर्वहन करें। अच्छा कार्य करने वालों को सरकार प्रोत्साहित करती है। उन्होने कहा कि इस समिति का मूल उद्देश्य बजट संबंधी कार्यों को गति देना है। उन्होने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रहे तथा कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। यदि किसी विभाग में बजट की आवश्यकता है तो उस संबंध में भी अवगत कराया जाए। अद्यतन रिकॉर्ड लेकर न आने एवं अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को सभापति द्वारा लखनऊ में समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समिति के समक्ष जिन विभागों से संतोषजनक जवाब नहीं मिला उनकी जांच नगर आयुक्त तथा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित कर कराने के निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, नगर आयुक्त शिपू गिरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल सहित संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आशा मॉडर्न स्कूल का मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनता रोड स्थित आशा मॉडर्न इंटरनेशनल विद्यालय का 22 वां स्थापना दिवस जोर-शोर से मनाया गया।

ज्ञातव्य हो कि इस विद्यालय की नींव 2005 में विद्यालय के निदेशक ई. भव्य जैन के द्वारा रखी गई थी। आज विद्यालय ने अपने 21 शानदार वर्ष पूरे किए। विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्योम बिंदल एस पी- एवं कर्नल लवदीप यादव कमांडेंट रिमांड डिपू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के निद. ेशक ई. भव्य जैन, सह- निदेशका श्रीमती रुपाली जैन, प्रधानाचार्या डॉ रुचि शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा के साथ सामूहिक रूप से मंगलदीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और सत्र 2026-27 के लिए नई छात्र समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि ने छात्र समिति के सदस्यों को अनुशासन, निष्पक्षता और सत्यप्रियता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में विद्यालय के द्वारा एक शानदार पी.पी.टी का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें गत 21 वर्षों की गतिविधियों का एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया गया।विद्यालय के निदेशक इंजीनियर भव्य जैन ने बताया कि किस प्रकार आज से 21 वर्ष पहले इस विद्यालय की नींव रखी गई थी और आज यह सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर कक्षा तीन से दस तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को पुरस्कार दिए गए। इस के साथ ही साथ इस साल कक्षा दस में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यापक, अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# टिंकू अरोड़ा ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**शह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का पार्षद एवं वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोडा ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

टिंकू अरोडा ने कोर्ट रोड पर कैंप लगाकर जल ओर प्रसाद का वितरण किया। उन्होंने कहा परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में हमें सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। 2027 में समा. जवादी पार्टी की सरकार बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, फैसल सलमानी, विजेश कुमार, राजीव अन्नू पार्षद, शुभम शर्मा, गोविंद वर्मा, जोगिंदर सिंह, गुरविंदर बजाज, मोहित पसरिचा, रवि यादव, शुभम थापा,, मोहित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परशुराम सामाजिक संस्था के तत्वाधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के पदचिह्नों पर चलने तथा समा. जहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकल गई जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गांधी पार्क स्थित जनमंच सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खानपुर विधायक उमेश शर्मा एवं सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी शंकराचार्य आश्रम के महंत सहजानंद महाराज ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता, संस्कारों के संरक्षण और सेवा भाव को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद जनों ने समाज सेवा एवं एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरेंद्र कपिल, मृगेन्द्र त्रिपाठी, पं. अभिषेक कृष्णाश्रेय, प्रगति कौशिक, राहुल लखनपाल, विनम शर्मा (पूर्व अध्यक्ष शामली), आत्मानुभवी विकास त्यागी, हर्षवर्धन, गोकरणदत्त शर्मा, आदित्य अंगीरस, एनआरआई राकेश शर्मा, शिशु प्रधान, नूतन शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विनोद शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन राहुल शर्मा ने किया। इससे पहले भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों पर भगवान परशुराम की प्रतिमाएं स्थापित कर भक्ति गीतों पर नाचते-गाते नजर आए। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।



# राष्ट्रवाद के साथ काम करना ही राष्ट्रसेवा: सुभाष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड ब्लाक प्रमुख सुभाष चौधरी ने कहा कि राष्ट्रवाद के साथ कार्य करना ही राष्ट्र सेवा है।

सुभाष चौधरी राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी भारतीय मजदूर संघ के संघ कार्यालय पर आयोजित जिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ का सरकारी क्षेत्र में पांच महासंगों में एक राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जो कर्मचारी के लिए प्रत्येक प्रदेश में कार्य करता है एवं पुरानी पेंशन की लड़ाई को राज्यों से लेकर केंद्र तक भारतीय मजदूर संघ के सहयोगी के रूप में लड़ता रहता है।

अखिल भारतीय मंत्री राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ धर्मेंद्र धवलहार, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय सदस्य चरण भोले, शिक्षक नेता चौधरी राजकुमार, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, आनंद प्रकाश त्यागी ने भी विचार रखे।

सम्मलेन में सुमन रानी श्रीमती मंजू शर्मा मोती यादव सचिन गुप्ता अरुण पाल आनंद कुमार पुंडीर, प्रदीप कांबोज, सुमित कुमार, राजू सिंह, रजनीश संदीप कुमार सौरभ गौतम, प्रदीप कुमार मनोज सैनी भूपेंद्र कश्यप सिंह, आशुतोष शर्मा, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सोमपाल राणा एवं संचालन तरुण भोला द्वारा किया गया।

# मस्जिद का गल्ला तोड़कर चोरी

**नकुड़।** नगर की ऐतिहासिक मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद में दिनदहाड़े गल्ला तोड़कर चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात युवक मस्जिद में घुसकर पिछले तीन वर्षों से जमा चंदे की रकम लेकर फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार को सुबह करीब साढ़े नो बजे संदिग्ध को गल्ले के साथ छेड़छाड़ करते देख शोर मचाया। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। मस्जिद के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की संदिग्ध गतिविधियां तथा भागते हुए उसका वीडियो कैद हो गया। जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# विद्युत मेगा कैम्प लगाया, आज भी रहेगा जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपकेंद्र घंटाघर परिसर में विद्युत सेवा महा अभियान के अंतर्गत मेगा कैंप का आयोजन किया गया।

अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि यह कैंप प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक संचा. लित रहेगा,जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं स्मार्ट मीटर ऐप से जुड़ी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। कैंप में उपभोक्ताओं को बिलिंग,रिचार्ज प्रक्रिया,मीटर से संबंधित तकनीकी दिक्कतों तथा ऐप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर उन्हें बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरूक करना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

# गांव का टॉपर बना साहिल, प्रधान ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम रेहड़ी मोहि. उद्दीनपुर में यूंपी बोर्ड के 10वी और 12वी उत्तीर्ण मेधावियों को ग्राम प्रधान अब्दुल राशिद और इस्लामिया इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य मो अबुजर ने मैडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

साहिल ने 83.6 प्रतिशत अंक लेकर गांव टॉप किया। इस मोके पर कादिर, वहदूद, मुकर्रम, डॉ नौशाद, मुस्तकीम, फिरोज, मोनिश, मोहसीन मौजूद रहे।

# सौन्दर्यकरण व विकास कार्यों का भूमि पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी के पैतृक गांव अम्बोली में पर्यटन एंव संस्कृति विभाग द्वारा शिव धाम के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यो को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिव मन्दिर के प्रांगण मे निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र निम व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। विजेंद्र चौधरी ने कहा कि अम्बोली शिवधाम को भव्य बनाने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा 82 लाख 52 हजार रुपए की धनराशि आवंटित की गयी है जो ग्राम वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भगवान शिव हमारे आराध्य देव हैं। जिनका मन्दिर केवल पूजा का स्थान ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति,आस्था और सामुदायिक जीवन का मुख्य केंद्र है। उन्होने कहा कि मंदिर हमारी सांस्कृतिक पहचान है जिसका वास्तुकला भित्ति चित्र और पारंपरिक सौंदर्य करण हमारी आने वाली पीढ़ियों के साथ विरासत में जुड़ेंगी।

इस दौरान देवबंद गन्ना समिति के डायरेक्टर पपिन चौधरी, सुनील चौधरी, ग्राम प्रधान शीशपाल चौधरी, ईशांत चौधरी, राजकुमार चौधरी, विनय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, बाबूराम, सुधीर चौधरी,उत्कर्ष नौसरान, अविरल नौसरान, पप्पल चौधरी,अमित कुमार, नीरज सैनी, आभेराम, वेदप्रकाश, प्रिन्स चौधरी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चोरों ने तीन स्थानों को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के अंतर्गत बड़कला चौकी इलाके में इन दिनों कानून का राज नहीं बल्कि चोरों का खौफ है शुक्रवार देर रात चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक साथ तीन स्थानों को निशाना बनाया आए दिन हो रही इन वारदातों से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है लेकिन पुलिस प्रशासन अभी भी श्कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है

चोरों ने जसवीर सिंह प्रदीप राणा मोनू चौधरी अफलातून के ट्यूबवेल पर धावा बोला और कीमती सामान समेटकर फरार हो गए ग्रामीणों ने इस संबंध में पुलिस को लिखित तहरीर दी है ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की गश्त केवल कागजों/फोटो तक सीमित है जबकि धरातल पर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं यह कोई पहली बार नहीं है मात्र चार दिन पूर्व ही इसी क्षेत्र में चोर काफी जगह नलकूपों से चोरों ने विद्युत तार स्टार्टर और कट आउट चोरी कर लिए थे क्षेत्र में नलकूपों को निशाना बनाना चोरों का पसंदीदा काम बन गया है जिससे किसानों की कमर टूट रही है हैरानी की बात यह है कि बार-बार हो रही वारदातों के बावजूद बड़कला चौकी पुलिस किसी भी मामले का खुलासा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है क्षेत्र की बदहाल सुरक्षा व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पत्रकार का फार्म हाउस भी चोरों से सुरक्षित नहीं है वहां अब तक 8 बार चोरियां हो चुकी हैं।

# प्रवीण अध्यक्ष व लोकेश प्रबन्धक निर्वाचित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गिल कॉलोनी स्थित के.सी.सी.पी. आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का वर्ष 2026 का त्रैवार्षिक चुनाव पूरी पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में निर्विरोध सम्पन्न हो गया। चुनाव अधिकारी अरुण कुमार गोयल एवं चुनाव पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई।

निर्विरोध रूप से प्रवीण कुमार अध्यक्ष, अवनीश जैन उपाध्यक्ष, लोकेश कुमार शर्मा प्रबंधक, अनिल कुमार भारद्वाज उप प्रबंधक तथा विनोद गुप्ता कोषाध्यक्ष तथा सदस्य पद पर प्रशांत अनुज कौशिक, सुभाष चंद शर्मा, योगेंद्र शर्मा, राम अवतार शर्मा, हेमंत कुमार, विनोद शर्मा एवं राकेश शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए। पूर्व प्रबंधक अनिल कुमार भारद्वाज ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कॉलेज के समग्र विकास की आशा व्यक्त की।

इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्या शालिनी चंद्रिल, रजनीश शर्मा, चंद्रशेखर, प्रेम कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, विशाल मोहन, रवि प्रकाश, अनिल सहित आदि उपस्थित रहे।

# सांसद इमरान व एमएलसी शाहनवाज के निरीक्षण से जगी आस



**तबरेज मलिक**

**मिर्जापुर।** घाड क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही इंटर कॉलेज की मांग को लेकर कांग्रेस सांसद सांसद इमरान मसूद व विधायक शाहनवाज खान के द्वारा बादशाहीबाग हाइडल कॉलोनी में शिवालिक स्कूल का निरक्षण किया। सांसद के निरीक्षण से ग्रामीणों मे इंटर कालेज बनने की आस जगी है।

ग्रामीणों मे आस जगी है की इलाके को एक बेहतर इंटर कॉलेज मिलेगा बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहट ओर उत्तराखंड जाने सै छुटकारा मिलेगा। वहीं मिर्जापुर कसबे के ग्रामीणों ने भी मिर्जापुर कसबे मे एक इंटर कालेज बनवाने की मांग की है।

बतादे की ग्रामीणों द्वारा पिछले कई वर्षो से घाड इलाके मे इंटर कालेज की मांग की जा रही है। जिसके चलते कांग्रेस सांसद इमरान मसूद व विधायक शाहनवाज खान बादशाहीबाग पहुंचे और और शिवालिक स्कुल का निरीक्षण किया है। और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द की घाड इलाके मे इंटर कालेज बनवाने का प्रयास किया जायेगा। बताया जाता है की चुनाव के दौरान जिस तरफ मिर्जापुर की जनता का झुकाव होता है वही नेता सांसद या विधायक बन जाता है। इसके बावजूद भी मिर्जापुर कसबे मे किसी भी मंत्री सांसद या विधायक ने इंटर कालेज तक नहीं बनवाया। मिर्जापुर पोल सहित घाड इलाके मे कोई इंटर कालेज ना होने के चलते छात्रों को उत्तराखंड राज्य या कई किलोमीटर दूर पढ़ाई के लिए बेहट या सढोली जाना पड़ता है। और इसी चककर मे कई अभिभावक तो अपनी लड़कियो से दूर भेजनें से बचते हैँ। जिससे लड़कियो को बीच मे ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।

कांग्रेस सांसद द्वारा निरीक्षण करने पर ग्रामीणों मे इंटर कालेज बनने की उम्मीद जगी है। वही ग्रामीणों का कहना है की मिर्जापुर कस्बा सढोली ब्लॉक की सबसे बड़ी न्याय पंचायत है। और देहात इलाके का मिर्जापुर स्टेशन बड़ा है स और सांसद या विधायक बनाने मे मिर्जापुर की जनता की अहम भूमिका होती है। इसलिए मिर्जापुर कसबे मे भी एक इंटर कालेज सांसद या विधायक को बनवाना चाहिए।

इस दौरान जिला अध्यक्ष संदीप राणा पूर्व चेयरमेन चो इरशाद, जिला पंचायत सदस्य ताहिर पहलवान, डॉ माजिद, पूर्व जिला अध्यक्ष रागिब अंजुम, चो कलीम, सलमान व इनाम प्रधान आदि मौजूद रहे हैँ।




जम्मू-कश्मीर। सांबा में 'नशा मुक्त-जम्मू-कश्मीर' अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान।

## अमेरिका नहीं बढ़ाएगा रूस, ईरान से तेल खरीदने को छूट की अवधि: बेसेंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि ईरानियों के लिए नहीं---हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी, जो उनके तेल के कुओं के लिए बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गई छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिक के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गई थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाजों पर लादा जा चुका था।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजरायल के हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपात संचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार को हुए इन हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन बाद भी इजरायली सेना और हिज्बुल्ला के लड़ाकों के बीच झड़पें जारी रहीं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में अब भी तैनात है और उसने लितानी नदी तक अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार किया है। सेना के प्रवक्ता ने कुछ क्षेत्रों में नागरिकों की आवाजाही पर रोक की भी घोषणा की है।

# समुद्री नाकाबंदी से फिर बढ़ रहा तनाव

## अमेरिकी युद्धपोत-यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका, सेंटकॉम ने की पुष्टि

**फ्लोरिडा (अमेरिका)।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर यूएसएस राफेल पेराल्टा (डीडीजी 115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया है। शुक्रवार को पेंटागन में हुई ब्रीफिंग के दौरान जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सख्त समुद्री नाकाबंदी नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति में



■ अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया

बड़े सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, यदि राष्ट्रपति का आदेश मिलता है। जनरल केन ने बताया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित और श्डार्क फ्लीटश जहाजों पर कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ था। अब तक 34 जहाजों को रोका जा चुका है, जिनमें से कई ने अमेरिकी चेतावनी के बाद वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिकी सेना ने हाल ही में मोटर वेसल तोस्का को भी जब्त किया था। चेतावनी के बावजूद जब जहाज नहीं रुका तो अमेरिकी मरीन ने हेलीकाप्टर के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए जहाज पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इसके अलावा 20 अप्रैल को ज्पर्दिल टैंकर को रोका गया, जिसमें कथित रूप से प्रतिबंधित ईरानी तेल मौजूद था। वहीं 22 अप्रैल को इंडियन ओशन में एक और जहाज मेजेस्टिक एक्स पोनी को भी जब्त किया गया। सेंटकाम ने साफ किया है कि किसी भी देश का जहाज यदि ईरान के बंदरगाहों की ओर जाता है या वहां से निकलता है, तो उसे रोका जाएगा। अमेरिकी सेना लगातार ऐसे जहाजों पर नजर रख रही है जो इस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान जनरल डैन केन ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हुए बम हमले का भी उल्लेख किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने कर्मियों की बहादुरी और समर्पण को हमेशा याद रखती है और वर्तमान अभियानों में शामिल सैनिकों पर गर्व करती है।

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

## अब तक सिर्फ एक व्यक्ति ने ही हासिल किया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था सरकार ने दावा



■ ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत पांच मिलियन डालर रखी थी

■ अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डालर (9 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लान्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपये के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टाप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थाई निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन और स्पेन ने नाटो से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (आप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को नाटो के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फाकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है। ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका

■ ब्रिटेन के कब्जे वाले फाकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। फाकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है।

दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फाकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

## ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

■ ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐसे संदेश को साझा किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी

■ ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के साथ ईरान और नाटो के मुद्दे को लेकर चर्चा करेंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में ट्रम्प ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया कि अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। ट्रम्प के इस संदेश को साझा किए जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं। बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था, वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि इसे गहरे नैतिक संकट के अलावा और क्या कहा जा सकता है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स III के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि मैं हर चीज के बारे में बात करूंगा। मैं इस पर चर्चा करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स III और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रम्प ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत

■ भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी, सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम

■ दोनों देशों ने इस बात को स्वीकारा: आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की।

इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रायल कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## फिनलैंड के पास परमाणु हथियार होने की संभावना को संज्ञान में लेगा रूस

**मॉस्को।** रूस अपनी सैन्य योजना में फिनलैंड के पास आयात या निर्माण के माध्यम से परमाणु हथियार होने की 'सैद्धांतिक संभावना' को भी संज्ञान में लेगा। फिनलैंड की सरकार ने संसद में परमाणु ऊर्जा कानून और दंड संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जो फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के आयात, निर्माण, भंडारण और उपयोग पर वर्तमान प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। हेलसिकी स्थित रूसी दूतावास ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि यह समझने के लिए सैन्य विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है कि फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के पहुंचने की सैद्धांतिक संभावना पर भी रूस अपनी सैन्य योजना के जरिए नजर रखेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग हटाने में तुर्की भागीदारी करेगा!

## किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा: विदेश मंत्री

■ यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा: फिदान



**लंदन।** तुर्की ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने के अभियानों में भाग ले सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने यहां कहा कि किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा और ऐसे ढांचे के तहत तुर्की को भागीदारी में कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों का समाधान पाकिस्तान में होने वाली अगली वार्ता में संभव हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने जलडमरूमध्य में ईरान की गतिविधियों को लेकर चेतावनियां तेज कर दी हैं और नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ठोस कार्रवाई के बजाय केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा समुद्री सुरक्षा पर आयोजित कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका 'फैंसी बैठकों' के बजाय 'गंभीर' यूरोपीय प्रयास का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति इस मार्ग पर निर्भर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस संकट में अमेरिका अब यूरोपीय समर्थन पर निर्भर नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और उसे भारी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अप्रैल से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों के आसपास गतिविधियों को नियंत्रित कर रही है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करता है, तो इसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# गाजा युद्ध के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव

## फलस्तीनियों ने किया मतदान, गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ



**यरूशलम।** फलस्तीन के पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के सीमित क्षेत्रों में शनिवार को फलस्तीनी मतदाता नगरपालिका चुनाव में मतदान कर रहे हैं। गाजा युद्ध के बाद यह पहला चुनाव है।

रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तट में लगभग 15 लाख मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि गाजा के दैर अल-बलह शहर में करीब 70 हजार मतदाता मतदान कर रहे हैं। यह गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ है। ये चुनाव 19 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित नए चुनावी कानून के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसने दो अलग-अलग चुनावी प्रणालियां स्थापित की हैं। करीब दो दशकों में पहली बार गाजा में मतदान हो रहा है। यहां अंतिम चुनाव 2006 में हुआ था, जब हमास ने जीत हासिल की थी। इन चुनावों को फलस्तीनी प्राधिकरण के नेतृत्व वाले महमूद अब्बास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो गाजा में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश उम्मीदवार फतह पार्टी के अंतर्गत या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हमास ने आधिकारिक रूप से उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों को उससे जुड़ा माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ गुट मतदान में बिल्कुल भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उन्हें उस नियम पर आपत्ति है जिसके तहत उम्मीदवारों के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के समझौतों का समर्थन करना जरूरी है। इसमें इजरायल को मान्यता देना भी शामिल है। हमास ने कहा कि नतीजे जो भी हों, वह उनका सम्मान करेगा। उसने गाजा में मतदान केंद्रों के बाहर सिविल पुलिस भी तैनात कर दी है। कागज पर तो ये महज स्थानीय परिषद के चुनाव हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक दांव कहीं ज्यादा बड़े हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ये स्थानीय निकाय चुनाव भले ही प्रशासनिक स्तर के हों, लेकिन इनके राजनीतिक निहितार्थ व्यापक हैं और भविष्य में राष्ट्रीय चुनावों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में 'परमाणु-5' विशेषज्ञों की बैठक की योजना: बैलोसोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा कि संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था।

# माली: बमकों में भारी गोलीबारी और विस्फोट

## सशस्त्र समूहों ने राजधानी सहित कई शहरों पर किया हमला

■ बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं



**बमको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमको और देश के कई अन्य हिस्सों में शनिवार सुबह सशस्त्र समूहों ने समन्वित हमले किए। बमको-सेनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सेनो सैन्य शिविर और काटी स्थित सैन्य ठिकाने के पास भारी गोलाबारी और विस्फोटों की खबरें मिली हैं।

आधिकारिक सूत्रों और समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह एक बेहद सुनियोजित अभियान था जिसके तहत बमको (सेनो और काटी) के अलावा सेवारे, मोप्ती, गाओ और किदाल जैसे रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया। बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में निवासियों ने सुबह-सुबह भारी गोलाबारी और लगातार धमाकों की आवाजें सुनीं। माली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ जनता को सूचित करते हैं कि अज्ञात आतंकवादी समूहों ने आज तड़के राजधानी और आंतरिक क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया है। वर्तमान में गोलाबारी जारी है। हम जनता से शांत रहने और सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। हमारी सुरक्षा बल हमलावरों को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। माली 2012 से ही विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों का सामना कर रहा है। इससे पहले 2024 में भी काटी और सेनो हवाई अड्डा क्षेत्र को इसी तरह निशाना बनाया गया था। वर्तमान में देश अंतरिम राष्ट्रपति जनरल असीमी गोइता के नेतृत्व में है, जिन्होंने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।

## हस्तिनापुर के वीर में शकुनी बनेंगे चंदन आनंद



**मुंबई।** अभिनेता चंदन आनंद सोनी सब के आगामी शो हस्तिनापुर के वीर में शुकनी के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले चंदन, पौराणिक कथाओं के सबसे जटिल और अप्रत्याशित किरदारों में से एक शकुनी भूमिका निभा रहे हैं। चंदन आनंद ने कहा, जब मैंने शकुनी के सीन पढ़े, तो सबसे अलग बात यह थी कि उसकी ताक़त उसके कहे हुए में नहीं, बल्कि उसके न कहे हुए में है। उसकी शक्ति शांत है। वह आवाज उठाने के बजाय अवलोकन और सही समय पर भरोसा करता है। इस रोल को रोमांचक बनाता है यह कि वह बच्चों के बीच एक मजेदार, लाड़-प्यार करने वाले बड़े की तरह दिखता है, जो उन्हें अलग सोचने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन उसके पीछे हमेशा एक गहरा इरादा छिपा होता है। इन परतों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण भी रहा और दिलचस्प भी, और यही शकुनी को निभाने को इतना आकर्षक बनाता है। हस्तिनापुर के वीर सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।

# ऐसा लग रहा है जैसे एकसाथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता



**मुंबई।** अभिनेत्री और फिल्मकार श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वर्ष 2026 उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह एक साथ कई सपने जी रही हैं। श्वेता त्रिपाठी के लिए 2026 सिर्फ ज्यादा काम करने का साल नहीं है, बल्कि ऐसे काम करने का है जो उनके दिल के करीब हो और मायने रखते हो।
जहां दर्शक मिर्जापुर: द मूवी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं श्वेता एक नए सफर की शुरुआत कर रही हैं, एक ऐसा सपना जिसे वह लंबे समय से जीना चाहती थीं, अपनी कहानियां खुद बनाना। अभिनय के साथ-साथ अब वह अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी ध्यान दे रही हैं और अपनी पहली फिल्म बतौर निर्माता मुझे जान ना कहो मेरी जान पर काम कर रही हैं।

यह एक खूबसूरत और संवे. दनशील समलैंगिक प्रेम कहानी है, जिससे वह खुद को बहुत जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। साथ ही, थिएटर आज भी उनका सबसे मजबूत सहारा है। वह न सिर्फ परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि अपने प्ले कॉक को उसके आखिरी शो के लिए वापस मंच पर ला रही हैं। वह उसी जुनून और जिज्ञासा के साथ थिएटर में लौट रही हैं, जिसने उन्हें पहली बार एक्टिंग की दुनिया से जोड़ा था। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 2026 ऐसा लग रहा है जैसे मैं एक साथ कई सपने जी रही हूं। मैं आज भी वही एक्टर हूं जिसे सेट पर काम करने का उतना ही उत्साह होता है, लेकिन अब मैं यह भी सीख रही हूं कि अपनी खुद की कहानी बनाना कैसा होता है। मुझे जान ना कहो मेरी जान के जरिए हम एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश कर रहे हैं जो सच्ची हो, सभी को साथ लेकर चले और दिल से जुड़ी हो। और जब भी मैं थिएटर में लौटती हूं, मुझे याद आता है कि मेरी शुरुआत कहां से हुई थी। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है और हमेशा कुछ नया सीखने की चाह बनाए रखता है।

# टकरा सकती हैं अक्षय व रामचरण की फिल्म

**मुंबई।** राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेड्डी की रिलीज को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर फिल्म 25 जून 2026 के आसपास रिलीज होती है, तो इसका सीधा मुक. ाबला अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकता है।

दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स के संभावित क्लैश ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। पैन-इंडिया फिल्मों के दौर में बॉक्स ऑफिस क्लैश अब आम बात हो गई है, लेकिन जब दो बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्मों की टक्कर की खबर सामने आती हैं, तो चर्चा और भी तेज हो जाती है। इन दिनों राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अगर तय तारीख पर रिलीज होती है, तो हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसे एक बड़ी मल्टीस्टारर फिल्म से मुकाबला करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस क्लैश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुता. बिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है। वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।



वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वेलकम फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर रही है और इसके दोनों पिछले पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुए थे।

तीसरे पार्ट में भी बड़ी स्टारकास्ट शामिल बताई जा रही है, जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस और सुनील शेट्टी जैसे नाम जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर पेड्डी इसी तारीख पर आती है, तो हिंदी बेल्ट में इसे कड़ी टक्कर मिल सकती है। पेड्डी के लिए हिंदी मार्केट काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया जा रहा है।

मेकर्स की कोशिश है कि फिल्म सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि नॉर्थ इंडिया में भी बड़ी ओपनिंग हासिल करे। यही वजह है कि रिलीज डेट को लेकर रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अभी तक रिलीज डेट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन क्लैश की खबर ने ही फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।



# किंग में दीपिका ने शाहरुख के साथ किए एक्शन सीन

**आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं।**

**मुंबई।** दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के बाद दीपिका पादुकोण ने काम से ब्रेक लेने के बजाय शूटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग के लिए हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस शूट किया, जो 21-22 अप्रैल को मुंबई के खास सेट पर फिल्माया गया। आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अफनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं। सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने दूसरी बार मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद दीपिका ने शाहरुख खान के साथ हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की खबरों से सभी को चौंका दिया। इस खबर ने न सिर्फ फैंस को हैरान किया बल्कि इंडस्ट्री में भी उनकी प्रोफेशनलिज्म की चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में खबर सामने आई है कि दीपिका ने अपकमिंग फिल्म किंग के लिए फाइट सीक्वेंस शूट किया है। जिसमें हाई-ऑक्टेन कॉम्बैट और बड़े पैमाने पर एक्शन कोरियोग्राफी शामिल थी। शाहरुख और दीपिका ने इस सीन की शूटिंग 21 और 22 अप्रैल को की, जिसमें दीपिका ऑल-व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में इसके लिए खास सेट तैयार किया गया था। फाइट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी फिल्म के बड़े और ग्रैंड ट्रीटमेंट के मुताबिक रखी गई है। दरअसल, 19 अप्रैल 2026 को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने दूसरे बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनउंसमेंट के बाद कई लोगों को लगा कि एक्ट्रेस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स से ब्रेक ले सकती हैं। लेकिन दीपिका ने इन अटकलों को गलत साबित करते हुए शूटिंग जारी रखी और एक्शन सीन में हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया। इस फिल्म के अलावा दीपिका अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में भी नजर आने वाली हैं।

# सूरज बड़जात्या को खूब भाता है प्रेम



**मुंबई।** किसी खास नाम के प्रति फिल्मी दुनिया में निर्माता-निर्देशकों की आसक्ति रही है, उसी में एक नाम है प्रेम जो निर्माता सूरज बड़जात्या का पसंदीदा नाम रहा है। सूरज बड़ाजात्या ने हाल ही में अपनी नई फिल्म यह प्रेम मोल लिया का एलान किया है। फिल्म यह प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी की मुख्य भूमिका है। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।

इस फिल्म के साथ राजश्री का मशहूर किरदार प्रेम 11 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं, जो अपने सादे और शरारती अंदाज से इसे खास बनाते हैं। निर्माता-निर्देशक सूरज बड़जात्या लगभग अपनी हर फिल्म में हीरो का नाम प्रेम रखते आए है और यह नाम उनके लिए भाग्यशाली साबित होता आया है। सूरज बड़जात्या ने सबसे पहले वर्ष 1989 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म मैने प्यार किया के माध्यम से सलमान खान को पहली बार प्रेम की भूमिका में दर्शको के सामने पेश किया था। युवा प्रेम कथा पर आधारित फिल्म मैंने प्यार किया ने दर्शकों के दिल में अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इसके बाद सूरज बड़जात्या को प्रेम नाम कुछ ऐसा जंचा कि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि यदि वे किसी फिल्म का निर्माण करेगें तो उसमे अभिनेता का नाम प्रेम अवश्य रखेंगे। सूरज बड़जात्या ने इसके बाद वर्ष 1994 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में दूसरी बार सलमान खान को प्रेम के किरदार निभाने का मौका दिया। मैने प्यार किया के प्रेम की तुलना में हम आपके है कौन का प्रेम दर्शकों को कुछ ज्यादा हीं पसंद आया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म हम आपके हैं कौन ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अपनी पिछली फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन की सफलता से उत्साहित सूरज बड़जात्या ने प्रेम नाम को एक बार फिर से अपनी वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम साथ साथ है में सलमान खान के किरदार के रूप में पेश किया, लेकिन इस बार फिल्म ने अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं की। माना जाता है इस फिल्म में प्रेम के किरदार को प्रभावशाली ढंग से पेश नहीं किया गया था। सूरज बड़जात्या को फिल्म के किरदार प्रेम पर इस कदर भरोसा था कि उन्होंने वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन दोनों को ही प्रेम नाम से दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म बॉक्स आफिस पर पिट गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)